डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सम्पादक को प्रकाशित : भोपाल 26.09.2022 से 02.10.2022 | अंक 39 | पेज 36 | मूल्य ₹10.00

देश की आज़ादी में जनजातीय वर्ग का योगदान महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी - उपराष्ट्रपति

जहाँ शंकर शाह – रघुनाथ शाह की हुई शहादत, वहीं बनेगा स्मारक – मुख्यमंत्री

अमर शहीद राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह की बलिदान भूमि जबलपुर में स्वयं को पाकर गर्व की अनुभूति हो रही है। राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान को हम कभी नहीं भूल पाएंगे। देश की आजादी में जनजातीय वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ये बातें उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने जबलपुर में राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातीय वर्ग की युवा पीढ़ी को पूर्वजों के शौर्य, साहस और पराक्रम से अवगत कराना होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पेसा एक्ट का अंतिम ड्राफ्ट तैयार है। जल्द मध्यप्रदेश पेसा एक्ट लागू करने वाला अग्रणी राज्य होगा। भारिया जनजाति के 12 गांव को हैबिटेट राइट्स प्रदान किये गये हैं।

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए।

जबलपुर, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव में देश के सर्वोच्च पद पर पहली बार जनजातीय वर्ग की महिला का आसीन होना प्रदर्शित करता है कि देश बदल रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के वीरों और वीरांगनाओं द्वारा आज़ादी के लिये जगाई गई अलख की लौ स्वतंत्रता तक अनवरत जलती रही। जनजातीय वर्ग के रणबांकुरों के बलिदान ने आज़ादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में तोप के मुंह पर भी राजा शंकर शाह - कुंवर रघुनाथ शाह का राष्ट्र-प्रेम के साथ बलिदान उच्च प्रतिमान स्थापित करता है। जनजातीय वर्ग की वीरांगना रानी दुर्गावती का देश-प्रेम और लोक-कल्याणकारी शासन प्रणाली प्रेरणादायी है। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि जनजातीय वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का समर्पण ही उन्हें निरंतर कार्य करने प्रेरित करता है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई सभी योजनाओं को मुख्यमंत्री श्री चौहान ने धरातल पर उतार दिया है।

सिकल सेल-एनीमिया के उन्मूलन के लिये करें कार्य

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि देश की युवा पीढ़ी को वीरों और वीरांगनाओं के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारा दायित्व है कि हम युवा पीढ़ी को अमर बलिदानियों के साहस, शौर्य और वीरता से अवगत कराएं, जिनके अदम्य साहस से फिरंगी भी भयभीत रहते थे। राज्यपाल ने कहा कि हम अपनी युवा पीढ़ी में ऐसे संस्कार डालें कि वे वीरों के द्वारा बताये मार्ग पर अग्रसर हों।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रयास सराहनीय हैं।

राष्ट्र निर्माण के लिये जन-कल्याण में नहीं रहेगी कोई कमी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जिस स्थान पर राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने बलिदान दिया है, उसी स्थान पर स्मारक का निर्माण किया जाएगा, जिसे पीढ़ियां याद रखेंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिये जन-कल्याण में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। सरकार जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिये निरंतर कार्य कर रही है। इसी वर्ष पेसा एक्ट को लागू कर मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। इससे जनजातीय वर्ग की जिंदगी को और सरल बनाया जा सकेगा। पेसा एक्ट का फाइनल ड्राफ्ट शीघ्र ही प्रकाशित किया जायेगा। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद पेसा एक्ट को मध्यप्रदेश में लागू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के चिन्हित जनजातीय विकासखंडों में राशन दुकानों तक राशन परिवहन, जनजातीय युवाओं के माध्यम से करने का पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ होगा।

विकास कार्यों का हुआ भूमि-पूजन और लोकार्पण

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने रिमोट दबाकर जबलपुर जिले सहित संभाग के बालाघाट, मंडला, छिंदवाड़ा एवं सिवनी जिले के कुल 18 छात्रावास, शाला परिसर तथा अन्य शासकीय भवनों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

गांव-गांव मनेगा जनजातीय गौरव दिवस

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष बलिदान दिवस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की मौजूदगी में लिये गये निर्णय अनुसार छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। प्रदेश के गांव-गांव में जनजातीय गौरव दिवस समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल-एनीमिया को दूर करने के लिये 2 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया है, शीघ्र ही सभी जिलों में सर्वे करवाया जायेगा।

वन समितियां और अधिक सशक्त होंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन समितियों को सरकार और अधिक अधिकार देकर सशक्त कर रही है। वन समितियाँ, प्रबंधन का कार्य करेंगी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 75 प्रतिशत और समितियों को 5 प्रतिशत लाभांश मिलेगा। इमारती लकड़ी से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत वन समितियों को मिलेगा। जलाऊ लकड़ी, बांस-बल्ली के विक्रय का अधिकार वन समितियों को ही दिया जाएगा। वन समितियों को अब तक 22 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सरकार ने 827 वन ग्राम को राजस्व ग्रामों में बदला है।

खास खबर

पटवारी हल्के में 50 हेक्टेयर में बोवनी पर मिलेगा बीमा लाभ

भोपाल, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि सरकार ने अधिकतम किसानों को फसल बीमा योजना से लाभान्वित करने के लिये पटवारी हल्के में बोई जाने वाली फसल की न्यूनतम 100 हेक्टेयर की सीमा को घटा कर 50 हेक्टेयर कर दिया है। श्री पटेल ने कहा कि खरीफ और रबी 2022-23 के लिये पटवारी हल्के में बोई जाने वाली फसल की न्यूनतम सीमा अब 50 हेक्टेयर होगी। इससे छोटी जोत के किसानों को भी बोई जाने वाली फसलों का लाभ बीमा योजना में मिल सकेगा। पहले यह सीमा 100 हेक्टेयर होने से पटवारी हल्के में कुछ किसान फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित रह जाते थे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान

शासन की योजनाओं और निर्माण कार्यों में जनता की संतुष्टि जरूरी : मुख्यमंत्री

डिंडौरी, शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करें, विकास और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। कार्यों के प्रति जनता को संतुष्टि मिलना चाहिए। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने डिंडौरी जिले के ग्राम जोगी टिकरिया में मुख्यमंत्री जन सेवा शिविर को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जबलपुर से अमरकंटक तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य 400 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। डिंडौरी से शहडोल मार्ग का निर्माण भी गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाएगा। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने जोगी टिकरिया में नर्मदा नदी के घाटों का सौंदर्यीकरण करने की बात कही। नर्मदा नदी के घाटों का सौंदर्यीकरण करने से श्रद्धालुओं को नर्मदा नदी के दर्शन एवं स्नान करने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान में शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविर में हितग्राहियों का चयन कर उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि जल जीवन मिशन में घर-घर तक नल से पेयजल पहुंचाया जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों को पेयजल समस्या से जूझना नहीं पडेगा। लोगों को पानी के लिए दूर-दूर तक पैदल जाने की समस्या दूर हो जाएगी। श्री चौहान ने मिशन अंतर्गत जिले में संचालित 351 नलजल योजनाओं के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिशन के कार्यों की जनता भी मॉनीटरिंग करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना से किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से प्रतिवर्ष 4 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं। उन्होंने डिंडौरी में योजनाओं से लाभांवित होने वाले किसानों की संख्या के अंतर को 15 दिवस में पूरा करने के निर्देश दिए।

कौशल निखारने के लिये आईटीआई सर्वश्रेष्ठ - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आईटीआई दीक्षांत समारोह में प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए।

भोपाल, शिक्षा के तीन उद्देश्य हैं। ज्ञान देना, कौशल देना और नागरिकता के संस्कार देना। कौशल शिक्षा की आत्मा है, इसके बिना कोई भी शिक्षा अधूरी है। ज्ञान हमें बताता है कि हमें क्या करना है और कौशल यह सिखाता है कि उसे कैसे करना है। अगर युवाओं के हाथ में हुनर रहेगा तो रोज़गार भी आसानी से मिलेगा। मध्यप्रदेश को अगर हमें संवारना है तो वह स्किल के माध्यम से ही होगा। युवा जनसंख्या हमारे देश में सबसे अधिक है और यही हमारी ताकत बन कर उभरेगी। युवाओं के हाथों में केवल कौशल दे दिया जाए तो चमत्कार कर सकते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोज़गार विभाग के राज्य स्तरीय आईटीआई दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में यदि सबसे ज्यादा किसी की मांग है तो वह कौशल की है। हजारों प्रकार की ऐसी सेवाएं हैं, जिनकी लोगों को रोज जरूरत पड़ती है और इसके लिये विशेष कौशल की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में जिस प्रकार की कौशल की आवश्यकता है उसकी आपूर्ति हमारे आईटीआई करते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

17 सितम्बर

एनटीए ने सीयूईटी-यूजी के नतीजे किए घोषित

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देशभर के विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की गई संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में नौ लाख से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 21 हजार 159 विद्यार्थियों ने कम से कम एक विषय में 100 पर्सेंटाइल पाया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष श्री एम. जगदीश कुमार ने बताया कि स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय पर्सेंटाइल या रॉ मार्क्स की जगह नॉर्मलाइज स्कोर के आधार पर रैंक तैयार करें।

● केंद्र सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में कदम बढ़ाते हुए छोटी कंपनियों की परिभाषा में बदलाव किया है। सरकार ने इन कंपनियों की चुकता पूंजी सीमा को दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर चार करोड़ रुपये किया है। इसी तरह कारोबार की टर्न ओवर सीमा को 20 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40 करोड़ रुपये किया गया है।

18 सितम्बर

पर्यटन स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाएंगे

● देश में पर्यटन के विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राज्यों के पर्यटन मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटन मंत्रियों शामिल हुए। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न पर्यटन सर्किटों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और एक नवीन नअम्बेडकर सर्किटट को जल्द शुरू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विश्व के समक्ष भारत की पर्यटन क्षमता प्रस्तुत करने के लिये जी-20 के मंच का लाभ उठाया जायेगा। राष्ट्रीय सम्मेलन का यह भी ध्येय है कि पर्यटन के बारे में एक साझा नजरिया तैयार किया जाये तथा इंडियाज़ 2047 की तरफ कदम बढ़ाते हुये इस नजरिये का विकास किया जाये।

19 सितम्बर

लोगों को आधार डाटा अपडेट कराने के लिए प्रोत्साहित करेगा यूआईडीएआई

● आधार कार्ड बनाने वाली संस्था भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड अपडेशन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। यूआईडीएआई लोगों को हर 10 वर्ष में एक बार स्वेच्छा से अपने बायोमैट्रिक्स और डेमोग्राफिक डाटा का अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यूआईडीएआई के अधिकारियों के अनुसार 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को इस नियम से छूट दी जा सकती है। यूआईडीएआई के अनुसार वर्तमान में 5 और 15 वर्ष की आयु के बाद बच्चों को आधार के लिए बायोमैट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य है। अब सभी नागरिक 10 वर्ष में एक बार आधार अपडेट करवा सकते हैं।

● भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद प्रक्रिया के तहत अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए घरेलू रक्षा उद्योग से बंदूकें, मिसाइलें, ड्रोन और अन्य प्रणालियों की खरीद के लिए कई टेंडर जारी किए है। भारतीय सेना ने कहा कि भविष्य की तैयारियों और स्वदेशी रक्षा खरीदी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत यह टेंडर जारी किए गए हैं। सेना ने बताया कि बंदूकें , मिसाइलें, ड्रोन, काउंटर ड्रोन, संचार सिस्टम विशेष तरह के वाहन, इंजीनियरिंग उपकरण और वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन के लिए ये टेंडर बुलाए गए हैं।

20 सितम्बर

सियाचिन में शुरू हुई इंटरनेट सेवा

● भारत के लद्दाख में चीन और पाकिस्तान से लगती सीमा पर विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर में 19 हजार 61 फीट की ऊंचाई पर सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा शुरू कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड ने क्षेत्र में सेना की संचार व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की सियाचिन सिग्नल यूनिट के सहयोग से हासिल की है। भारतीय सेना ने कहा कि तेज इंटरनेट सेवा दुश्मन की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारतीय सेना की ऑपरेशनल तैयारियों को धार देगी। इससे लद्दाख में देश की सीमाओं की रियल टाइम निगरानी, स्मार्ट सर्विलांस, ड्रोन कंट्रोल, सैनिकों की वर्चुअल ट्रेनिंग और विभिन्न ऑपरेशनों में मदद मिलेगी।

● म्यांमार के सागा इंग इलाके में एक स्कूल पर सेना ने हेलीकॉप्टर के जरिए गोलीबारी की। इस गोलीबारी में सात बच्चों सहित 13 लोगों की मृत्यु हो गई। जबकि 19 बच्चे घायल हुए हैं। म्यांमार की सेना ने कहा कि इस स्कूल में विद्रोही छिपे हुए थे। विद्रोही इस स्कूल का इस्तेमाल सैन्य बलों पर हमला करने के लिए कर रहे थे, इसी कारण यह कार्रवाई की गई है।

21 सितम्बर

वित्तीय संस्थाओं के लिए एक केवाईसी

● केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने औद्योगिक संगठन फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि आने वाले समय में सभी वित्तीय संस्थाओं के लिए एक ही केवाईसी (उपभोक्ताओं को जानें) कराने की जरूरत होगी। इस प्रकार की प्रणाली तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं के लिए अलग-अलग केवाईसी कराने की जरूरत होती है।

22 सितम्बर

सेमी कंडक्टर के विकास और डिस्प्ले विनिर्माण कार्यक्रम में हुआ संशोधन

● केंद्र सरकार ने सेमी कंडक्टर के विकास तथा डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। सरकार ने अपनी पीएलआई योजना के तहत सेमी कंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम के विकास के लिए अलग से 76 हजार करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत प्रौद्योगिकी नोड्स के साथ-साथ सेमी कंडक्टर फैब सहित अन्य सुविधाओं के लिए कंपनियों को 50 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देगी।

23 सितम्बर

रक्षा मंत्रालय ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति के लिए किया समझौता

● रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के अग्रिम मोर्चों के युद्धपोतों के लिए लगभग 300 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की अपूर्ति के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 1700 करोड़ रुपये के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जो नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। ब्रह्मोस ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना तेजी से उड़ान भरती है। चीन के साथ जारी सैन्य टकराव के बीच ब्रह्मोस मिसाइल को सेना को सेना के टैंक, होवित्जर तोप। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और अन्य हथियारों के साथ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया गया है।

● देश में अब स्कूली पाठ्यक्रम आधुनिकता और भारतीय कला संस्कृति का मिश्रण होगा। बच्चों को कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ कला (आर्ट) की शिक्षा भी दी जायेगी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने सभी स्कूलों में कला पहली से बारहवीं तक बच्चों को कला को अनिवार्य रूप से पढ़ाने की सिफारिश की है, साथ ही सभी स्कूलों में कक्षा शिक्षक भी नियुक्त करने का सुझाव दिया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

SDPS COLLEGE
REQUIRES
Principal
Professors
Associate/Assistant Professors
for U.G. Classes under College Code 28
• Management-4 • Computer-2
• Commerce-4 • Hindi-1 • English-1
Qualification and Experience:
As per UGC Norms
Salary: As per Norms
Apply within 7 days at hr@sdps.edu.in
sdps Khandwa Road, Indore
98935 34699
R-47585/2022

REQUIRED
Invites applications for the following posts:
St. Paul Institute of Professional and Management Studies
(Approved by AICTE, DTE, Affiliated to DAVV, Indore)
1. DIRECTOR/PRINCIPAL
2. PROFESSORS / ASSOCIATE PROFESSORS/ ASSISTANT PROFESSORS
MBA. (Financial Management/ Marketing/Human Resource Management/ Information Technology/Business Analysis/Production & Operations Management)
(i) Office Superintendent (ii) Office Assistant (iii) Librarian
(iv) Sports Officer (v) Training & Placement Officer
St. Paul Institute Of Professional Studies, Indore
(Affiliated to Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore)
ASSISTANT PROFESSORS/ ASSOCIATE PROFESSORS/ PROFESSORS
(for the following subjects)
(i) Commerce (ii) Management (iii) Physics (iv) Mathematics (v) Computer (vi) Hindi (vii) English Literature (viii) Political Science (ix) Psychology (x) Sports (xi) Yoga.
Course offered - B.Com, B.B.A., B.Sc (CS), BCA, B.A.
Note:
▪ Qualification and Eligibility as per UGC/Dept. of Higher Education, Bhopal/ AICTE norms for selection of faculty under College Code 28.
▪ Salary and other Allowances as per norms.
▪ Apply with all the testimonials on or before 05th October 2022.
▪ Application in the Prescribed Format only will be accepted.
▪ Download Application Form from College Website.
GOURAV
ST. PAUL INSTITUTE OF PROFESSIONAL AND MANAGEMENT STUDIES
(Run by the Catholic Diocese of Indore)
7/1, Boundary Road, Near Lalaram Nagar, Indore (M.P.) SPIPS
Phone: 0731-2499911, 2490114, Mobile: 09669401666
Admission open in MBA (Full Time) approved by AICTE, New Delhi, DTE Bhopal, DAVV, Indore for the Session 2022-23.
R-47583/2022

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh, Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2022-23
MASTER OF PHYSIOTHERAPY (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports)
2 years PG Degree Program, Eligibility : BPT
BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
4½ years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.
BACHELOR MEDICAL LAB. TECHNICIAN
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.
BACHELOR OF HUMAN NUTRITION
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN MEDICAL LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN DIALYSIS TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN ANESTHESIA
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN X-RAY RADIOGRAPHER TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN OPTOMETRIC REFRACTION
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
DIPLOMA IN CATH. LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
Attached with People's Teaching Hospital 1500 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. | Separate hostel facility Scholarship facility available. | Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. | Educational Visits and Student's Tour.
Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
R-47584/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 39 26.09.2022 से 02.10.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मुख्यमंत्री का पशुपालकों और किसानों को संदेश

लम्पी वायरस से पशुओं को बचाएं, मुफ्त टीका लगवाएं

हमारे सामने पशुधन पर लम्पी वायरस बीमारी के रूप में एक बड़ा गंभीर संकट है। लम्पी वायरस मध्यप्रदेश में भी पैर पसार रहा है। हम अपने पशुओं को, विशेषकर गौ-माता को केवल प्राणी नहीं मानते बल्कि माँ मानते हैं और उनके प्रति श्रद्धा रखते हैं। गौ-माता हो, बाकी पशु हों, हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम करते हैं। आज जब वो संकट में हैं तो हमारा कर्त्तव्य है कि हम इस संकट से उन्हें निकालने के लिए भरपूर प्रयास करें। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पशुपालक और किसानों को संबोधित संदेश में कहीं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार पशुओं के कष्ट के समय में साथ है, सरकारी अमला पूरा सहयोग करेगा। इस बीमारी का टीका मुफ्त में दिया जा रहा है, लेकिन सावधानी आपको रखनी पड़ेगी। अगर हमने सावधानी नहीं रखी तो हमारे पशुधन पर गहरा संकट आएगा। हम वैसे भी प्राणियों में वही एक ही चेतना देखते हैं जो मनुष्यों में है। इसलिए प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो की बात करते हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विश्व के कल्याण में चाहे गौवंशी हों, भैंस वंशी हों, हमारे इन पशुओं का कल्याण भी शामिल है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम तत्काल इस रोग के लक्षण पहचानें। लम्पी वायरस से संक्रमित होने वाले पशुओं में कई तरह के बदलाव आते हैं। अगर आपके पशुओं में यह लक्षण दिख रहे हों तो तत्काल उनका इलाज करवायें। संक्रमित होने पर पशुओं को बुखार आने लगता है और सुस्त हो जाते हैं। पैरों में सूजन आ जाती है, आंखों से पानी और मुंह से लगातार लार निकलने लगती है। शरीर में गठान पड़ने लगती है, यह गठान गोल और उभरी हुई होती है। पशुओं का वजन कम होने लगता है और पूरे शरीर पर छोटे-छोटे घाव जैसे उभरे हुए निशान दिखाई देने लगते हैं। दूध देने वाले पशुओं का दूध भी बंद या कम हो जाता है। इसलिए इस रोग से अपने पशुओं को बचाने के लिए तुरंत उपाय करने की आवश्यकता है, क्योंकि यह बीमारी पशुओं से पशुओं में फैलती है। यह रोग मच्छर, काटने वाली मक्खी इत्यादि के द्वारा भी एक पशु से दूसरे पशु में फैलता है, लेकिन यह बीमारी पशुओं से मनुष्यों में नहीं फैलती।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुछ सावधानियां रखकर पशुओं को संक्रमित होने से बचाया जाए। किसी भी एक पशु में लक्षण दिखने पर तुरंत उसे बाकी पशुओं से अलग करने और पशु चिकित्सक से संपर्क करने के अलावा पशुओं को मक्खी, मच्छर, जूं आदि परजीवियों से बचा कर रखें, संक्रमित इलाके में कीटाणुनाशक का छिड़काव करें, लम्पी वायरस से मृत पशुओं के शव को खुले में न छोड़कर गहरा गड्ढा कर उसमें दफनायें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार की तरफ से फ्री में टीका लगाया जा रहा है, ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण इस रोग की रोकथाम कर सकता है इसलिए टीकाकरण अवश्य कराएं। हमारे पशु-चिकित्सक और बाकी अमला उपचार और रोग के संबंध में आपको सहयोग करने के लिए और परामर्श देने के लिए उपलब्ध हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है, लेकिन चिंता हम सबको मिल कर करनी है। आइए पूरी तरह से लम्पी वायरस को हराने के लिए हम कमर कस लें और काम में जुट जाएं।

सूर्य की आधी उम्र पूरी

क्या सूर्य की भी कोई निश्चित उम्र है। इस संबंध में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के वैज्ञानिकों ने सूरज की मौत के समय का अनुमान लगाया है, उन्होंने अध्ययन के बाद बताया कि सूर्य की मौत 10-11 अरब साल बाद हो सकती है। जीएआईए (GAIA) ने नए आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद बताया कि वर्तमान में हमारे सौर मंडल के केन्द्र सूर्य की उम्र 4.57 अरब वर्ष हो सकती है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि सूर्य की उम्र लगभग 10-11 अरब वर्ष हो जाएगी, तो यह एक लाल विशालकाय तारा बनने के बाद मर जाएगा। यह जानकारी तब आई है, जब सूरज की सक्रियता अपने चरम पर है। वैज्ञानिकों ने सूर्य में 17 कोरोनल मानस इंजेक्शन और नौ सनस्पॉट देखने का दावा भी किया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अंतरिक्ष में खोज करने वाले जीएआईए यान को 2013 में लॉन्च किया था। बताया जा रहा है कि यह यान 2025 तक अंतरिक्षत से जानकारियां भेजता रहेगा। अंतरिक्षत यान के एस्ट्रोमेट्री के लिए डिजाइन किया गया था। इस यान का काम अंतरिक्ष में सितारों की उम्र, स्थिति, दूरी और गति को मापना है। ईएसए की अंतरिक्ष वेधशाला द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों में कई अन्य सितारों, उनकी संरचना और उनके तापमान के बारे में भी जानकारी दी गई है। ईएसए द्वारा जारी आंकड़ों में कहा गया कि सूर्य अब हाइड्रोजन को हीलियम में मिला रहा है। उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का अध्ययन कर वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष निकाला है कि सूर्य लगभग 8 अरब वर्ष की आयु में अपने अधिकतम तापमान तक पहुंच जाएगा, फिर यह ठंडा हो जाएगा और आकार में बढ़कर एक लाल विशालकाय तारा बन जाएगा, जिसके बाद 10-11 अरब वर्ष की आयु में यह अपने जीवन के अंत में पहुंच जाएगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व पर्यटन दिवस **27 सितंबर**

यात्रा और जगह का परिवर्तन मन को नया जोश प्रदान करता है

व्यक्ति यात्रा के माध्यम से जितना सीखता है उतना वह जीवन में किसी किताब से नहीं सीख सकता है। नए अनुभव, नई यादें हमें जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए मनुष्य ने अपने विकास के सभी महत्वपूर्ण पड़ाव यात्रा के माध्यम से ही पार किए हैं, इसलिए कहा भी जाता है कि जीवन सिर्फ चलने का नाम है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस इस यायावरी पर केन्द्रित एक दिन है, जिसे प्रति वर्ष 27 सितंबर को पूरी दुनिया में मनाया जाता है।

विश्व पर्यटन दिवस की शुरुआत

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि हम देखें तो पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लाने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व पर्यटन संगठन की स्थापना 1925 में हेग में राजकीय पर्यटक प्रकाशन की अंतर्राष्ट्रीय संगठन के तौर पर की गई। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् इसे जिनेवा ले जाया गया और अंतर्राष्ट्रीय राजकीय पर्यटन संगठन (आईयूओटीओ) के नाम से इसका पुनर्नामकरण किया गया। वर्ष 1975 में आईयूओटीओ का विश्व पर्यटन संगठन के तौर पर फिर से नामकरण किया गया। यूएनडब्ल्यूटीओ 1976 में यूएनडीपी का एक कार्यकारी अभिकरण बना। 1977 में यूएनडब्ल्यूटीओ ने संयुक्त राष्ट्र के साथ औपचारिक सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए। पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया, क्योंकि इस दिन 1970 में यूएनडब्ल्यूटीओ के कानून प्रभाव में आए थे, जिसे विश्व पर्यटन के क्षेत्र में बहुत बड़ा मील का पत्थर माना जाता है। इसका लक्ष्य विश्व पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अंतर्राष्ट्रीय समुदायों के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक मूल्यों को वैश्विक स्तर पर कैसे प्रभावित करता है।

2022 की थीम

समय के संग जब हमें नीतियों से लेकर खुद को बदलने की आवश्यकता होती है, तभी समय के संग चला जा सकता है। बदलते वक्त के साथ पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए भी नई योजनाओं को क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। इसलिए वर्ष 2022 में इसकी थीम Rethinking tourism अर्थात् पर्यटन के विकास के लिए फिर से सोचना है। कोरोना महामारी ने पर्यटन और यात्राओं पर जिस तरह का विराम लगाया था। वह अब हट चुका है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक वर्ष 2022 की शुरुआत से अब तक 2021 की तुलना में दोगुनी संख्या में यात्राएं कर चुके हैं। यहां तक कि महामारी के पहले की पर्यटन की आबादी के स्तर तक पहुंच चुके हैं। पर्यटन के क्षेत्र को कोरोना महामारी ने जो नुकसान पहुंचाया था, उसे खत्म करने के लिए महामारी के दौरान लागू किए बचे हुए नियमों को भी खत्म करने की आवश्यकता है। यह सिर्फ पर्यटन नहीं, बल्कि देश-दुनिया में करोड़ों लोगों की जीविका का माध्यम भी है। पर्यटन के महत्व को समझते हुए ही मई 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पर्यटन पर एक विशेष सभा आयोजित की, जिसमें पर्यटन की ऐतिहासिक प्रासंगिकता को बताता है। पर्यटन वर्तमान समय में हर देश और अंतर्राष्ट्रीय संगठन के एजेंडे में है। अंतर्राष्ट्रीय

पर्यटन दिवस पर पर्यटन वर्तमान में कहां जा रहा है? हम कहां जाना चाहते हैं? और हम वहां कैसे पहुंचें? इन पर विमर्श करने की आवश्यकता है। इसका उद्देश्य शिक्षा और नौकरियों के माध्यम से और ग्रह पर पर्यटन के प्रभाव और अधिक स्थायी रूप से बढ़ने के अवसरों सहित विकास के लिए पर्यटन पर पुनर्विचार के बारे में चर्चा के लिए प्रेरित करना है।

2022 का मेजबान है इंडोनेशिया

कोरोनाकाल में वैसे तो दुनिया के हर क्षेत्र पर संकट आया था, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में एक पर्यटन है। जब व्यक्ति के लिए संक्रमण के भय और प्रतिबंधों की वजह से अपने घर से ही नहीं निकला तो घूमना-फिरना कैसे संभव था। ऐसे में आर्थिक संकट पर्यटन के क्षेत्र में बहुत ज्यादा रहा। विश्व पर्यटन दिवस 2022 का मेजबान देश इंडोनेशिया है। इस अवसर पर इस वर्ष की थीम 'Rethinking Tourism' पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि महामारी के बाद पर्यटन के विकास के लिए पूरे विश्व में एक नए सिरे से सोचने की जरूरत है। पर्यटन के क्षेत्र में आने वाली भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए एक-दूसरे के साथ बेहतर संवाद करने और सहयोग करना महत्वपूर्ण है। पर्यटन के लिए समुदायों को जोड़ने की जरूरत है तथा पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखने और संबंधित क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत है।

स्थायित्व भरा जिम्मेदार पर्यटन है हमारे देश की आवश्यकता

भारत जैसे देश में यात्रा के तरह-तरह के तरीके मौजूद हैं। यहां कुछ लोगों को सोलो ट्रैवेलिंग पसंद है तो कुछ लोगों को ग्रुप में यात्रा करना अच्छा लगता है। कुछ लोगों को घूमते वक्त सिर्फ घूमते रहना पसंद है तो कुछ लोगों को घूमने के साथ-साथ काम करना। यही कारण है कि इस जगह पर आपको हर तरह के यात्री मिल जाते हैं। उत्तराखंड में रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म यानी जिम्मेदार पर्यटन पर काम कर रहे है। आखिर जिम्मेदार पर्यटन है क्या? पर्यटन के जैसे विविध रूप हैं, वैसे ही यह भी एक रूप है। जो भारत जैसे देश में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। एक जिम्मेदार यात्री बनने के लिए निर्णय लेना जिम्मेदार पर्यटन की दिशा में पहला कदम है। कुछ आसान बातों को अपनाकर आप एक जिम्मेदार यात्री बन सकते हैं :

1. हमेशा स्थानीय चीजों को दें बढ़ावा

किसी बड़े होटल में ठहरने की बजाय अगर आप किसी स्थानीय होमस्टे में रुकते हैं तो इससे स्थानीय लोगों के जीवन पर प्रभाव पड़ता है और उनका जीवन स्तर ऊपर उठता है। इसी तरह बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल्स की बजाय वहां के स्थानीय बाजारों में खरीदारी करना, लोकल फूड का स्वाद लेना हमेशा मजेदार होता है। लेकिन हम सब स्थानीय चीजों को बढ़ावा देने की बजाय उन लोगों से सर्विस लेते हैं जिनका मकसद सिर्फ पैसा कमाना है। एक जिम्मेदार पर्यटक के तौर पर आप स्थानीय कारीगरों की आजीविका और कौशल का समर्थन करने वाली पहलों का समर्थन कर सकते हैं। इससे आप का कुछ नहीं जाएगा और कुछ ऐसे लोगों की मदद हो जाएगी जिनको सचमुच मदद की दरकार होती है।

2. स्थानीय परंपराओं का करें सम्मान

आप जिस जगह पर भी जाते हैं आपको उस जगह के हिसाब से खुद को ढालने की कोशिश करनी चाहिए। बहुत सारे रीति-रिवाज और स्थानीय परम्पराएं ऐसी होती हैं, जो लोगों की जन भावनाओं और धार्मिक आस्था से जुड़ी होती हैं। किसी की आस्था को ठेस पहुंचाये बगैर यात्रा करना भी एक जिम्मेदार पर्यटक की निशानी होती है। किसी जगह अथवा व्यक्ति की फोटो लेने से पहले अनुमति मांगें। ऐसी जगहें जहां प्रवेश निषेध हो वहां नहीं जाएं। स्थानीय परिवेश के प्रति जागरूक होना जिम्मेदार पर्यटन का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

3. पर्यावरण को प्रभावित नहीं करें

एक जिम्मेदार पर्यटक के तौर पर आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपनी यात्रा के दौरान पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाएंगे। एक आदर्श स्थिति यह होगी कि निजी परिवहन की बजाय हमेशा सार्वजनिक परिवहन के विकल्प को चुनें। साइकिल चलाना, पैदल यात्रा करना, साइकिल रिक्शा की सवारी करना जितना पर्यावरण के अनुकूल होता है उतना ही हमारी यात्रा को रोमांचक भी बनाता है। स्थानीय जगहों पर सार्वजनिक बस और टैक्सी सेवा भी रहती है यदि आप इन सबका उपयोग करेंगे तो काफी हद तक जिम्मेदार पर्यटन के क्षेत्र में योगदान कर सकेंगे।

4. भोजन का अपव्यय न करें

हर साल कई लोग भूख से मर जाते हैं। ऐसे में अगर आप किसी भी रूप में भोजन का अपव्यय कर रहे हैं तो किसी और के हिस्से का खाना बर्बाद कर रहे हैं। हमेशा उतना ही खाना ऑर्डर करें, जितने की वास्तव में आपको जरूरत है। बार-बार पानी की बोतल खरीदने की बजाय एक पानी फिल्टर करने वाली बोतल लें और पानी खत्म होने की स्थिति में जहां भी संभव हो, फिर से भर लें। होटल में पूछें कि क्या प्लास्टिक की बोतलों को बार-बार खरीदने से बचने के लिए पानी के फिल्टर हैं। आजकल हर चीज प्लास्टिक में पैक होकर आती है जो पर्यावरण की दृष्टि से काफी नुकसानदायक है। इस चीज को कम करके आप जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा दे सकते हैं।

5. वन्यजीव पर्यटन से पहले शोध

किसी भी नेशनल पार्क अथवा रिजर्व सेंटर में जाने से पहले इस बात को सुनिश्चित करें कि वहां जानवरों के साथ किसी तरह की ज्यादती तो नहीं हो रही है। बेवजह जानवरों को परेशान नहीं करें। यदि संभव हो तो किसी भी जानवर की पीठ पर बैठकर सवारी करने जैसी गतिविधियों से बचें। सिर्फ मजे के लिए इस तरह की चीजों को बढ़ावा देना किसी भी स्तर पर जायज नहीं।

पहले की तुलना में अब यात्रा करने का तरीका और नज़रिया दोनों ही काफी बदल चुका है। पहले सिर्फ व्यक्ति यात्रा करने पर पैसे ख़र्च करता था। अब यात्राओं के माध्यम से व्यक्ति अपने अनुभवों को लिखकर व्लॉगिंग के माध्यम से पैसा कमा सकता है तो यात्रा को कई बड़ी कंपनियां, होटल, रिसॉर्ट भी स्पॉन्सर करा रही हैं। घूमने-फिरने से व्यक्ति को जीवन में कई तरह की सीख भी मिलती है, जो यात्रा के खत्म होने के बाद भी ताउम्र हमारे साथ रहती हैं।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in

फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 926/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 14.09.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.10.2022 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निवदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_ 222000	टर्न की पद्धति पर :- मगरा जलाशय योजना अंतर्गत बांध का मय समस्त अव्ययों के सम्पूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	सागर	843.82
2.	2022_WRD_ 222001	रेतम बैराज परियोजना का रिहेबिलिटेशन एवं इम्प्रूवमेंट कार्य। (ड्रिप अंतर्गत)	मंदसौर	149.30
3.	2022_WRD_ 222002	नयाखेड़ा (गनेशपुरा) जलाशय के स्पिल चैनल की आर.डी. 165 मी. में अतिरिक्त 4.5 मी. ओगी फाल का निर्माण, नहर की आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 2400 मी. तक में एप्रोच रोड का निर्माण नहर की रीच स्थित 8 नं. नहर स्ट्रचर का विस्तारीकरण एवं पूर्व से निर्मित 2 मी. वर्टिकल फाल के सुधार कार्य।	सागर	123.56
4.	2022_WRD_ 222003	टर्न की पद्धति पर :- भामरिया टैंक (नहर रहित) लघु सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	झाबुआ	541.46
5.	2022_WRD_ 222070	नर्मदा नदी के बांये तट पर सर्किट हाउस से कोरीघाट के मध्य में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पिचिंग का सुधार कार्य।	इटारसी	671.05

जी-17023/47545/2022 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, भवन/सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)

निविदा सूचना 06/एस.ए.सी./वर्ष 2022-23/शहडोल

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	निविदा आमंत्रण	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. की राशि	निविदा की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	2022_ PWDRB_ 221698_1	शहडोल	प्रथम	छतवई पटासी नवलपुर मार्ग लं. 8.00 कि.मी. चुहरी लफदा मैका मार्ग लं. 3.00 कि.मी. छतवई कादादहरा मार्ग लं. 3.00 कि.मी. पिपरिया देवगंवा मार्ग लं. 2.00 कि.मी. कुल लं. 16.00 कि.मी. में डब्ल्यू.बी.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।	19.42	38840	2000	03 माह वर्षाऋतु सहित
02	2022_ PWDRB_ 221699_1	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग शहडोल अंतर्गत आवासीय भवन पाण्डवनगर एवं सर्किट हाउस सेक्शन, पी.डब्ल्यू.डी. क्वाटर्स का साधारण मरम्मत विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	19.80	39600	2000	04 माह वर्षाऋतु सहित
03	2022_ PWDRB_ 221700_1	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग शहडोल के पाण्डवनगर सेक्शन में आवासीय भवनों का रंगाई पोताई डिस्टेम्परिंग एवं पेन्टिंग का कार्य। (जोनल वर्क)	19.80	39600	2000	04 माह वर्षाऋतु सहित
04	2022_ PWDRB_ 221702_1	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग ब्यौहारी के जयसिंहनगर सेक्शन में आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	19.80	39600	2000	04 माह वर्षाऋतु सहित
05	2022_ PWDRB_ 221703_1	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग शहडोल के रेस्ट हाउस सेक्शन में आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	19.80	39600	2000	04 माह वर्षाऋतु सहित
06	2022_ PWDRB_ 221768	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग शहडोल के एफ टाइप एवं उनके ऊपर के क्वार्टर रेस्ट हाउस सेक्शन में आवासीय भवनों का रंगाई पोताई डिस्टेम्परिंग एवं पेन्टिंग का कार्य। (जोनल वर्क)	19.80	39600	2000	04 माह वर्षाऋतु सहित
07	2022_ PWDRB_ 221769	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग शहडोल के रेस्ट हाउस सेक्शन में आवासीय भवनों का रंगाई पोताई डिस्टेम्परिंग एवं पेन्टिंग का कार्य। (जोनल वर्क)	15.00	30000	2000	03 माह वर्षाऋतु सहित
08	2022_ PWDRB_ 221770_1	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग शहडोल अंतर्गत पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस बिल्डिंग एवं आवासीय भवन में (वाउण्ड्रीवॉल विशेष मरम्मत एवं अन्य कार्य) तथा साधारण मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	15.00	30000	2000	03 माह वर्षाऋतु सहित
09	2022_ PWDRB_ 221771	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग ब्यौहारी अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	19.83	39660	2000	04 माह वर्षाऋतु सहित
10	2022_ PWDRB_ 221772_1	शहडोल	प्रथम	उपसंभाग शहडोल के गैर आवासीय भवन, कोर्ट बिल्डिंग सर्किट हाउस एवं पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस का रंगाई पोताई डिस्टेम्परिंग एवं पेन्टिंग का कार्य।	19.90	39800	2000	04 माह वर्षाऋतु सहित
11	2022_ PWDRB_ 222220_1	शहडोल	प्रथम	नगर परिषद ब्यौहारी वार्ड नं. 5 में गोदावल पहुंच मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य।	94.61	94610	10000	6 माह वर्षाऋतु सहित
12	2022_ PWDRB_ 222221_1	शहडोल	प्रथम	कुदरी कोटमा मार्ग लं. 1.70 कि.मी. झुमाटोला देवरी नं. 2 पैलवाह सालिवहरा रोड लं. 7.00 कि.मी. एवं बिजौरी बेगा चहकी टोला से झीरसागर लं. 2.50 कि.मी. कुल लं. 11.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	749.97	749970	20000	11 माह वर्षाऋतु सहित

ऑनलाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय दिनांक 19.09.2022 सुबह 10.30 से अंतिम दिनांक 03.10.2022 शाम 17.30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 19.09.2022 सुबह 10.30 से **अंतिम दिनांक 03.10.2022** शाम 17.30 तक है।

कार्यपालन यंत्री

जी-17061/47549/2022 **लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रतलाम (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : 07412-270439, फैक्स क्रमांक : 267740, ईमेल : eephedrat@mp.nic.in

ISO 9001.2015 Certified Office

क्रमांक 3600/नि.लि./लो.स्वा.यां./2022 **रतलाम, दिनांक : 08.09.2022**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से एम.पी. टेण्डरर्स पोर्टल **(https://mptenders.gov.in/nicgep/app)** पर आमंत्रित है। ऑनलाइन निविदा **दिनांक 28.09.2022** सायं 17.30 बजे तक ऑनलाइन निविदा में दी गई Key Dates अनुसार क्रय की जा सकती है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का विवरण :- रतलाम जिले के विकासखण्ड रतलाम के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य के माध्यम से पेयजल व्यवस्था करने हेतु ऑनलाइन नवीन केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अपेडेक्स 2.10" पर आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	विकास खण्ड/ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	कार्य की अनु. लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि निविदा में एनेक्जर 'ओ' अनुसार वर्षाकाल सहित	निविदा प्रपत्र का मूल्य
10/22-23	2022_PHED_ PHED_221204_1	बाजना	3	134.42	134420	6 माह	12500
10/22-23	221209_1	बाजना	3	154.59	154590	6 माह	12500
10/22-23	221213_1	बाजना	3	157.46	157460	6 माह	12500
10/22-23	221216_1	जावरा	3	152.25	152250	6 माह	12500
10/22-23	221220_1	जावरा	2	122.73	122730	6 माह	12500
10/22-23	221225_1	पिपलोदा	2	193.20	193200	6 माह	12500
10/22-23	221230_1	पिपलोदा	2	120.93	120930	6 माह	12500
10/22-23	221233_1	पिपलोदा	2	187.35	187350	6 माह	12500
10/22-23	221235_1	पिपलोदा	2	183.65	183.65	6 माह	12500
10/22-23	221236_1	रतलाम	3	133.62	133.62	6 माह	12500
10/22-23	221241_1	रतलाम	3	124.72	124720	6 माह	12500
10/22-23	221243_1	सैलाना	3	159.41	159410	6 माह	12500
10/22-23	221244_1	सैलाना	4	162.90	159410	6 माह	12500
10/22-23	221245_1	सैलाना	5	169.58	169580	4 माह	12500
11/22-23	221248_1	आलोट	2	222.13	222130	6 माह	12500
11/22-23	221264_1	जावरा	3	210.82	210820	6 माह	12500
11/22-23	221267_1	पिपलोदा	3	282.06	282060	6 माह	12500
11/22-23	221282_1	रतलाम	2	229.40	229400	6 माह	12500
11/22-23	221284_1	रतलाम	2	221.18	221180	6 माह	12500

शर्तें :-

1. निविदा आमंत्रण सूचना विभाग की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पेमेंट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** किया जाना है।
3. विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. उक्त निविदा में संशोधन होने पर ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** देखे जा सकते हैं। अलग से प्रकाशित नहीं किये जावेंगे।

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
तथा कार्यपालन यंत्री

जी-17059/47548/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रतलाम**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड शाजापुर
ओल्ड कलेक्टर रोड कमला भवन, जिला शाजापुर

दूरभाष कार्या. (07364) 292065, मो.नं. 9165607999, ईमेल - eephedshj@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 58 to 59/2022-23/लेखा/कार्य./लोस्वायां./2022 **शाजापुर, दिनांक : 14.09.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा टेण्डर अपेडेक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	निविदा विज्ञप्ति क्रमांक	अनुमा. लागत रु. लाखों में	अमानत रशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य
शाजापुर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की डी.पी.आर. बनाने का कार्य।				
222133	58	2.80	5600.00	2000.00
222134	59	2.80	5600.00	2000.00
		5.60 लाख (शब्दों में रु. पांच लाख साठ हजार)	**11200.00 (शब्दों में रु. ग्यारह हजार दो सौ)**	**4000.00 (शब्दों में रु. चार हजार)**

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 29.09.2022** सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-17056/47547/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शाजापुर**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-927/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 14.09.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.10.2022 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकता है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_222074	**टर्न की पद्धति पर** : टिकटोली डिस्ट्रीब्यूटरी हर्सी हाई लेवल कैनाल के द्वारा 3700 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने प्रेशराइज्ड पाइप (सूक्ष्म) प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	ग्वालियर	4249.00

जी-17099/47551/2022 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग उज्जैन (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक-07/एस.ए.सी./2022-23 **उज्जैन, दिनांक : 12.09.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु
1.	2022_PWDRB_221786_1	रतलाम	पुल कार्य	रतलाम जिले के अंतर्गत सिखेड़ी से गटवास मार्ग में गंगाटया नाले पर एवं गटवास से सिखेड़ी मार्ग में सुनारया नाले पर जलमग्नीय पुल का निर्माण।	प्रथम	488.56	केवल ऑनलाइन

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 01.10.2022 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-17089/47554/2022 **लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग उज्जैन**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. 07582-220840, ई-मेल आई.डी. : cepwdsagar@mp.nic.in

एनआईटी नं.-13/2022-23/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 12.09.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

क्रमांक एवं कार्य का नाम : 1. छतरपुर सटई अमरोनिया मार्ग लंबाई 15.00 कि.मी. का उन्नयन कार्य।

पोर्टल टेंडर क्रमांक	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित)
2022_PWDRB_221647	छतरपुर	872.76	872760/-	20000/-	15 माह

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 13.09.2022 समय 10:30 बजे से दिनांक 28.09.2022 समय 05:30 बजे तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता

जी-17096/47553/2022 **लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ई-मेल : cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 20/सा/01/विविध/रा.प./2019 (वर्ष 2022) **भोपाल, दिनांक : 14.09.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	2022_PWDRB_222004_1	भोपाल (संधा.सं. क्रं.-2 भो.)	प्लान	अचारपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया एप्रोच मार्ग एस.एच.-10 (ईंटखेड़ी) लं. 3.00 कि.मी. चौड़ीकरण कार्य का निर्माण कार्य।	प्रथम	755.93	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना हैं।

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.09.2022 (17:30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता (राज. परि.)

जी-17098/47552/2022 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सागर परिक्षेत्र सागर

फोन नं. : 07582-220840, ई-मेल आई.डी. : cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-14/2022-23/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 15.09.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

क्र.	पोर्टल टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2022_PWDRB_222414_1	अस्तौन से हरिबाबा जू मार्ग लं. 5.50 कि.मी. लागत रु. 451.42 लाख एवं अस्तौन से घाटखिरिया मार्ग लं. 5.25 कि.मी. लागत रु. 442.98 लाख कुल अनुमानित लागत रु. 894.40 लाख	टीकमगढ़	894.40	894400/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित
2.	2022_PWDRB_222415_1	कटेरा रोड एम.पी. सीमा महेबा चक्र 1. से होते हुए महेबा चक्र 1 से महेबा चक्र 4 तक सड़क एवं पुल निर्माण कार्य लं. 12.00 कि.मी. लागत रु. 848.65 लाख एवं विद्युत कार्य लागत रु. 7.80 लाख (कुल लागत रु. 856.45 लाख)	टीकमगढ़	856.45	856450/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित
3.	2022_PWDRB_222416_1	लमेरा से नयागांव मार्ग का निर्माण कार्य लं. 8.00 कि.मी. अनुमानित लागत रु. 727.20 लाख	टीकमगढ़	727.20	727200/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित
4.	2022_PWDRB_222417_1	मैन रोड़ रानीगंज मार्ग से सामाजिक स्थल रावतपुरा सरकार छिपरी धाम होते हुए अंतपुरा लिधौरा मार्ग सी.सी. निर्माण लं. 7.30 कि.मी. अनुमानित लागत रु. 786.12 लाख एवं विद्युत कार्य लागत रु. 8.73 लाख (कुल लागत रु. 794.85 लाख)	टीकमगढ़	794.85	794850/-	20000/-	14 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 16.09.2022 समय 5:30 बजे से दिनांक 30.09.2022 समय 05:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता

जी-17115/47550/2022 **लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग अशोकनगर (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 06/वर्ष 2022-23/का.यं./1984 **अशोकनगर, दिनांक : 12.09.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(आवेदन निम्न प्रारूप अनुसार कागज पर सुस्पष्ट टंकित करा आवेदन पत्र प्रेषित करें)

स्वप्रमाणित फोटो चिपकाये

आवेदित पद का नाम .....

1. आवेदक का नाम (श्री/श्रीमती/सुश्री) .....
2. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) .....
3. वर्तमान पता (पिन कोड सहित) .....
   .....
4. स्थाई पता (सेवा पुस्तिका में अंकित अनुसार) .....
   .....
5. जन्मतिथि ..... दिनांक 01.07.2022 की स्थिति में आयु .....
6. दूरभाष/मो. नम्बर .....
7. यूनिक आई.डी. ..... ईमेल आई.डी. .....
8. मूल विभाग एवं मूल पद :- .....
9. वर्तमान पद एवं पदस्थापना स्थल :- .....
10. वेतनमान :- .....
11. शैक्षणिक योग्यता :- .....
12. तकनीकी योग्यता/अन्य योग्यता :- .....
13. सर्व शिक्षा अभियान मिशन अंतर्गत कार्य करने अनुभव यदि है तो उल्लेख करें .....
    .....

प्रमाण पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है तथा मेरे विरुद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय जांच/अपराधिक प्रकरण/न्यायालयीन प्रकरण प्रचलित नहीं है और न ही किसी प्रकार की शास्ति प्रभाव में है। यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरा प्रतिनियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जाये।

स्थान ..... **आवेदक का पूरा नाम**.....
दिनांक ..... **हस्ताक्षर** .....
जी-17317/47568/2022 **वर्तमान पद एवं पदस्थापना स्थल** .....

कार्यालय आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

Ph. No. : 0755-2576751, Fax : 0755-2552219, Website: www.mptechedu.org

इंजीनियरिंग/नॉन इंजीनियरिंग/साइंस/मानविकी पाठ्यक्रमों में अतिथि व्याख्याताओं हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन के अधीनस्थ प्रदेश के स्वशासी इंजीनियरिंग महाविद्यालय, रीवा, उज्जैन, नौगांव, जबलपुर तथा सागर एवं विभिन्न शासकीय/स्वशासी/पॉलीटेक्निक /महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में संचालित इंजीनियरिंग/नॉन इंजीनियरिंग/साइंस/मानविकी पाठ्यक्रमों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन की **अंतिम तिथि 17.10.2022 है।**

पाठ्यक्रमों/रिक्त पदों/ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य आवश्यक जानकारी/सर्कुलर तकनीकी शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट **www.mptechedu.org** पर उपलब्ध है।

आयुक्त
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

जी-17315/47567/2022

प्रधानमंत्री 11 अक्टूबर को शिव सृष्टि का करेंगे शिवार्पण - मुख्यमंत्री

उज्जैन, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उज्जैन में 11 अक्टूबर को शिव सृष्टि का शिवार्पण करेंगे। महाकाल मंदिर परिसर का लोकार्पण प्रधानमंत्री के कर कमलों से होगा। यह इस सदी की महत्वपूर्ण घटना होगी। इस कार्यक्रम की तैयारियां बेहतर ढंग से की जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के श्री महाकाल मंदिर उज्जैन भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री ने उज्जैन कलेक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि यह कार्यक्रम अविस्मरणीय उत्सव बने, इसके लिए प्रतिष्ठित कलाकारों की भागीदारी हो। उज्जैन जगमग हो। मध्यप्रदेश के हर मंदिर पर रोशनी हो। पूरा प्रदेश कार्यक्रम को देख सके इसकी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मंदिर दर्शन और पूजा-अर्चना की तैयारियां व्यवस्थित होनी चाहिए। उनकी आमसभा की तैयारी बेहतर हो। धार्मिक परम्पराओं और मान्यताओं को ध्यान में रख कर महाकाल मंदिर परिसर के लोकार्पण की तैयारी हो। विद्वानों से लोकार्पण के लिए सुझाव भी लिए जाएं।

श्री चौहान ने कहा कि महाकाल मंदिर परिसर के लोकार्पण का दृश्य अद्भुत रहे। कार्यक्रम को दिव्य रूप देने के लिए विभिन्न माध्यमों से विचार-विमर्श हो। उज्जैन में प्रमुख लोगों की बैठक हो। प्रमुख पुजारियों को आमंत्रित कर बैठक भी की जाए। संतों से भी सुझाव लेकर दिव्य कार्यक्रम हो सकते हैं। कार्यक्रम शास्त्र सम्मत हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में कार्तिक मैदान पर प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनसभा की तैयारी की जाए। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विश्व के कल्याण के लिए शिवाभिषेक भी किया जाए। मैं भी कार्यक्रम के पहले दिन शिवाभिषेक करूंगा।

जस्टिस वर्मा पथ-प्रदर्शक निर्णयों के लिए याद किये जायेंगे - उपराष्ट्रपति

विशाखा मामले में जस्टिस वर्मा का फैसला मील का पत्थर साबित हुआ : मुख्यमंत्री

उपराष्ट्रपति श्री जगदीश धनखड़ जस्टिस जे.एस. वर्मा स्मृति व्याख्यानमाला कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते हुए।

जबलपुर, देश के न्याय तंत्र में जस्टिस जे.एस. वर्मा आदर्श रूप में स्थापित हैं। कई संवेदनशील मामलों में उनके द्वारा दिये गये फैसले उनकी सोच को परिलक्षित करते हैं।

जस्टिस वर्मा को उनके पथ-प्रदर्शक निर्णयों और विचारों के लिये सदैव याद किया जायेगा। उनके जीवन और विचार हमें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। जस्टिस वर्मा की न्यायिक सोच की प्रवृत्ति ने नये आयाम और कई प्रतिमान गढ़े हैं। ये बातें उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने जबलपुर के मानस भवन में जस्टिस जे.एस. वर्मा स्मृति व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहीं।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा 1986 से 1989 के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, जबकि मैं बार एसोसिएशन का अध्यक्ष और बार काउंसिल का सदस्य भी रहा। उनका कार्यकाल न्यायिक पारिस्थितिकी तंत्र के उत्थान, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने के साथ चिन्हित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में रहते हुए, उन्होंने कई ऐसे फैसले दिए जिन्होंने समाज को पूर्ण रूप से प्रभावित किया है। विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य और अन्य के अपने ऐतिहासिक फैसले में उन्होंने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं को विशिष्ट सुरक्षा प्रदान करने के लिए तंत्र को न्यायिक रूप से संरक्षित किया। इस फैसले में न्यायिक क्षेत्राधिकार की उच्चता का एक और महत्वपूर्ण पहलू है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। फैसले में उन्होंने प्रतिबिंबित किया 'ये निर्देश कानून में बाध्यकारी और लागू करने योग्य होंगे जब तक कि क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए उपयुक्त कानून नहीं बनाया जाता है' यह सत्ता के पृथक्करण के सिद्धांत के ईमानदारी से पालन का एक उदाहरण है।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि न्यायाधीशों का सम्मान और न्यायपालिका का सम्मान अहिंसक है, क्योंकि ये कानून के शासन और संवैधानिकता के मूल सिद्धांत हैं। देश में सभी को यह समझने की जरूरत है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। अधिकारी और उच्च पदों पर बैठे लोगों को व्यापक जनहित में इसका संज्ञान लेने और लोकतांत्रिक प्रणाली को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उप राष्ट्रपति ने मीडिया से अपील की कि न्यायपालिका के बारे में रिपोर्टिंग करते समय बेहद सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि स्व. न्यायमूर्ति जगदीश शरण वर्मा को हमेशा उन पथ-प्रदर्शक निर्णयों और विचारों के लिए याद किया जाएगा, जिन्होंने नागरिकों को सशक्त बनाया है और जन-कल्याण के लिए सरकार और संस्थानों को सक्षम बनाया है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जस्टिस वर्मा ने मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण न्याय जगत का सीना गर्व से चौड़ा किया है। उनकी स्मृति में हुई व्याख्यान-माला के लिये सभी को धन्यवाद देता हूं। जस्टिस वर्मा ने अपने फैसलों से ऐसे उदाहरण पेश किये जिसको देश कभी भूल नहीं सकता। उनके फैसलों ने यह स्थापित किया कि रूल ऑफ लॉ और रूल बाय लॉ को कैसे फॉलो किया जाता है।

वर्ष 1997 में महिलाओं के गौरवपूर्ण जीवन जीने के लिये मौलिक अधिकार को सुरक्षित बनाने वाला फैसला विशाखा केस में आया था। कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिये विशाखा गाइड लाइन के रूप में लागू की गई।

व्याख्यानमाला में जस्टिस श्री जे.के. माहेश्वरी ने अपने संस्मरण बताते हुए कहा कि नवम्बर 1985 में जब वे वकील बने, उनकी पहली सुनवाई जस्टिस जे.एस. वर्मा की वजह से हुई। अगर वे नहीं आते तो मुझे हाईकोर्ट में जाने का मौका नहीं मिलता।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में मध्यप्रदेश के 1074 ग्राम चयनित

भोपाल, अनुसूचित जाति बहुल ग्रामों के समेकित विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' संचालित की जा रही है। योजना में 500 या उससे अधिक आबादी वाले ऐसे गांवों का चयन किया गया है, जिनकी 50 प्रतिशत से अधिक आबादी अनुसूचित जाति की है। योजना में मध्यप्रदेश के 1074 ग्रामों का चयन किया गया है। वर्ष 2021-22 में योजना के श्रेष्ठ क्रियान्वयन के लिये राष्ट्रीय स्तर पर 3 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें प्रदेश का गुना जिला द्वितीय और सीहोर जिला तृतीय स्थान पर है।

आदर्श ग्रामों में ग्रामवासियों को शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पहुंचाया जाएगा। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं में सभी व्यक्तियों के आधार कार्ड बनाना, पात्र व्यक्तियों को निराश्रित, वृद्धावस्था तथा विकलांग पेंशन योजना का लाभ दिलाना, शत-प्रतिशत बच्चों का आंगनवाड़ी तथा शालाओं में प्रवेश कराना, पात्रतानुसार सभी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कराना, प्रत्येक घर में शौचालय की व्यवस्था, पात्र परिवारों को उज्ज्वला गैस योजना का लाभ प्रदान करना और प्रत्येक घर में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना आदि शामिल है।

ग्रामों को आदर्श बनाने के लिए अधो-संरचना विकास में होगा वृहद कार्य

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चयनित ग्रामों की अधोसंरचना विकास के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम में शाला भवन, आंगनवाड़ी भवन, आंतरिक सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों के निराकरण की समुचित व्यवस्था आदि शामिल हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम में अधोसंरचना विकास के लिए गैप फिलिंग करने 20 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही राज्य की विभिन्न योजनाओं के साथ सामंजस्य कर ग्राम में अधोसंरचना विकास के कार्य किये जायेंगे।

देश में योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश प्रारंभ से ही शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। वर्तमान में 1074 ग्रामों के संदर्भ में 5 लाख 53 हजार 108 व्यक्तियों को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान

समाज के गरीब, किसान तथा युवाओं को लाभान्वित करने का है अभियान - मुख्यमंत्री

उमरिया, आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ें, उन्हें गांव में ही शासकीय अमला योजनाओं की जानकारी दे तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरिया जिले की ग्राम पंचायत मालियागुड़ा में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के शिविर को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने शिविर में जनसेवा अभियान में योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने किसान कल्याण योजना, राजस्व, उचित मूल्य पर राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद, बैंक लिंकेज एवं महिलाओं द्वारा संचालित की जा रहीं गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों से किसान कल्याण योजना के लाभों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को योजना का लाभ नहीं मिला है, उन्हें योजना से लाभान्वित किया जायेगा।

श्री चौहान ने राजस्व विभाग के नामांतरण प्रकरणों की जानकारी भी ली। कलेक्टर उमरिया श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि 4 फौती नामांतरण के आवेदन मिले हैं। जिनका निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण की जानकारी ग्रामीणों से हाथ उठवा कर ली। जनता ने नियमित राशन प्राप्त होना बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पात्र लोगों को राशन नहीं मिला है, उनको पात्रता पर्ची बनाकर अभियान के दौरान लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने से कोई हितग्राही छूटे नहीं, जिससे बीमारी में निःशुल्क 5 लाख रुपये तक का लाभ मिले।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उमरिया जिले में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

मुख्यमंत्री ने मुड़रिया की राधा दीदी से समूह द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जाना। राधा दीदी ने बताया कि गणवेश, साबुन बनाने, सब्जी उत्पादन कार्य, ब्यूटी पार्लर संचालन के कार्य स्व-सहायता समूहों द्वारा किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समूह से जुड़ी बहनों की आय बढ़े, बहनें गरीब नहीं रहें तथा सुख-चैन से जिन्दगी जियें। श्री चौहान ने गरीब, किसान तथा सभी पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये। मुख्यमंत्री ने शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

मध्यप्रदेश में देश का पहला साइंटिस्ट मेमोरियल बनेगा

भोपाल, प्रदेश की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति शीघ्र ही घोषित की जाएगी तथा विज्ञान पर्यटन को बढ़ावा देते हुए साइंस सिटी और संभाग स्तर पर रीजनल साइंस सेंटर के निर्माण पर फोकस किया जाए। ये बातें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने भोपाल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्य समिति की 61वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री निकुंज श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। बैठक में अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

देश का प्रथम साइंटिस्ट मेमोरियल उज्जैन में बनेगा

कार्य-समिति में तय किया गया है कि विज्ञान के प्रसार में अग्रणी और प्राचीन उज्जैन नगर में देश के पहले साइंटिस्ट मेमोरियल की स्थापना की जाएगी। बताया गया कि युवा वैज्ञानिकों की एक प्रतियोगिता में इस तरह का प्रस्ताव आया है। परिषद के महानिदेशक ने बताया कि देश में साइंस मेमोरियल तो हैं लेकिन उज्जैन के तारामंडल में साइंटिस्ट मेमोरियल बनाने का यह पहला प्रकरण है। परिषद ने प्रस्ताव पर तत्काल कार्य प्रारंभ करने की सहमति दी। इसी तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान पर्यटन विकसित करने पर भी चर्चा की गई। जबलपुर और उज्जैन में बनने वाले रीजनल साइंस सेंटर के कार्यों के अनुमोदन के दौरान तय किया गया है कि हर 300 किलोमीटर पर साइंस सेंटर और सम्भाग स्तर पर रीजनल साइंस सेंटर बनाये जाएंगे।

हर जिले में ड्रोन ट्रेनिंग

निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में ड्रोन ट्रेनिंग के इंतजाम किए जाएं और सभी जिलों में एक जैसी ट्रेनिंग के स्थान पर ड्रोन की अलग-अलग तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए। महानिदेशक ने बताया कि प्रदेश के जिलों को ड्रोन ट्रेनिंग के लिए प्रारंभिक तौर पर 10 -10 लाख रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। श्री सखलेचा ने कहा कि तकनीक आधारित रिसर्च का फायदा युवाओं को दिलाना सुनिश्चित करें।

सभी जिलों के प्रोडक्ट और प्रोजेक्ट आधारित डिजिटल एटलस बनेंगे

श्री सखलेचा ने जिलों के डिजिटल एटलस बनाने के की कार्य-योजना की समीक्षा कर निर्देश दिए हैं कि ऐसे एटलस तो पूरे देश में होंगे लेकिन मध्यप्रदेश के एटलस में जिले के महत्वपूर्ण प्रोडक्ट और प्रोजेक्ट को शामिल करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्वयन में न आएं बाधाएं

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के पुलिस कमिश्नर सहित रीवा, पन्ना, झाबुआ कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक और अधिकारियों से अलग-अलग विषयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा की। मुख्यमंत्री के संज्ञान में आए विभिन्न विषयों पर बातचीत कर निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस भी वर्चुअल शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों से चर्चा के क्रम में सबसे पहले पन्ना कलेक्टर से जिले के कुछ क्षेत्रों में गत माह मध्याह्न भोजन योजना में उत्पन्न बाधा और प्राप्त शिकायत के संबंध में जानकारी प्राप्त की। श्री चौहान ने कहा कि अन्य जिले भी मध्याह्न भोजन वितरण के कार्य की व्यवस्थाओं को पुख्ता बनाए रखें। योजना के क्रियान्वयन में बाधाएं उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। प्राप्त शिकायतों का अविलंब निराकरण किया जाए। कलेक्टर पन्ना ने बताया कि जिले के 1800 विद्यालयों में नियमित रूप से मध्याह्न भोजन वितरण का कार्य चल रहा है। कुछ केन्द्रों में मैपिंग की त्रुटि और तकनीकी समस्या के कारण कुछ समय के लिए व्यवधान आया था, जिसे सुधार लिया गया है। खनिज साधन और श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह भी वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर पन्ना सहित प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री उमाकांत उमराव और प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण श्री फैज अहमद किदवई से भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर पन्ना को विस्तृत जांच प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में विभिन्न जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा करते हुए।

श्री चौहान ने गत 16 सितम्बर को रीवा में हुई आपराधिक घटना को जघन्य और अमानवीय बताते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना में शामिल दोषियों को आर्थिक आधार पर प्रहार कर नेस्तनाबूद किया जाए। पुलिस अधीक्षक रीवा को निर्देश दिए गए कि सख्त से सख्त कदम उठा कर उदाहरण प्रस्तुत करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के दोषी 5 युवक गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर भोपाल से गत सप्ताह एक विद्यालय की बस में छात्रा के साथ हुई आपराधिक घटना के संदर्भ में अन्य विद्यालयों के वाहनों की पड़ताल, वाहन चालकों के चरित्र और विद्यालयों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

बैठक में भोपाल पुलिस कमिश्नर श्री मकरंद देउस्कर ने बताया कि अभियान के तौर पर वाहनों की जांच, अभिभावकों से चर्चा और वाहनों में सीसीटीवी और जीपीएस की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए आयु सीमा में तीन वर्ष की वृद्धि

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड-19 के कारण अनेक विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेने से वंचित होना पड़ा था। विद्यार्थियों के साथ न्याय करते हुए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की वृद्धि एक बार के लिए की जा रही है।

कोरोना महामारी के चलते भर्ती परीक्षाएं हुई थीं प्रभावित

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की परिस्थितियों के कारण भर्ती परीक्षाएं नियमित रूप से नहीं की जा सकीं। इसलिए अनेक बच्चे ओवरएज हो गए हैं। बच्चों ने आग्रह भी किया था कि उन्हें इन परिस्थितियों के कारण अन्याय का शिकार होना पड़ रहा है। श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि परीक्षा न होने से जो बच्चे ओवरएज हो गए उनके साथ अन्याय न हो। इसके लिए एक बार के लिए अधिकतम आयु सीमा को 3 साल के लिए बढ़ाया गया है। विद्यार्थियों का पक्ष न्यायसंगत है, उनके हित में यह निर्णय लिया गया है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 'मोस्ट प्रॉमीनेंट इंडस्ट्री' अवॉर्ड

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पूरे प्रदेश में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के क्षेत्र में राज्य की अन्य कंपनियों के मध्य ऐसा मुकाम हासिल किया है जो कि एक मिसाल है।

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेन्शन सेंटर (मिंटो हॉल) भोपाल में आयोजित आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के प्रथम दीक्षांत समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल को एसपीएसयू श्रेणी में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक शिक्षुओं को शिक्षुता प्रशिक्षण देने के लिए 'मोस्ट प्रॉमीनेन्ट इंडस्ट्री' का अवॉर्ड प्रदान किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्री दिलीप कुमार कापसे ने कंपनी की ओर से यह अवॉर्ड प्राप्त किया। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर द्वारा केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य में सर्वाधिक 973 ट्रेड शिक्षुओं को इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक, कोपा, स्टेनो अंग्रेजी एवं स्टेनो हिन्दी जैसे विषयों में कंपनी के अंतर्गत विभिन्न वृत्तों में एक वर्षीय प्रशिक्षण दिया गया है।

प्रदेश में 105 वर्गमीटर तक के भूखण्डों पर भवन बनाने मिलेगी डीम्ड स्वीकृति

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि प्रदेश में अब 105 वर्गमीटर तक के भूखण्डों पर आवासीय भवन निर्माण की अनुमति प्रदान करने के लिये डीम्ड/तुरंत स्वीकृति दी जायेगी। इसके लिये भूमि विकास नियम-2012 के नियम 12 में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें आवेदक ऑनलाइन निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, आवश्यक दस्तावेज एवं प्रस्तावित भवन नक्शा संलग्न करने के बाद ऑनलाइन जनरेट शुल्क के चालान को जमा कर स्वयं अपने मकान की डीम्ड/तुरंत स्वीकृति प्राप्त कर सकता है।

मंत्री श्री सिंह ने बताया है कि वर्तमान में नगरीय निकायों द्वारा भवन अनुज्ञा एबीपीएएस (ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लॉन एप्रूवल सिस्टम) ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत दी जा रही है। भवन अनुज्ञा प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया को सरलीकरण करने के उद्देश्य से 300 वर्गमीटर तक के भूखण्डों पर निजी वास्तुविदों को भवन अनुज्ञा प्रदान करने के लिये अधिकृत किया गया है। इस प्रक्रिया को और अधिक सरलीकृत करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों में प्रचलित प्रक्रियाओं का अध्ययन किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा भी जारी ऑफिस मेमोरेण्डम में लो-रिस्क भवन के लिये (105 वर्गमीटर तक के भवन) डीम्ड अप्रूवल देने के संबंध में गाइडलाइन जारी की गई है। साथ ही टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा भी जारी मॉडल बिल्डिंग बॉयलॉज 105 वर्गमीटर तक के आवासीय भू-खण्डों के लिये 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत डीम्ड अनुमति देने संबंधी प्रस्ताव दिया गया है।

नवम्बर में पूरे प्रदेश में आयोजित होगी राष्ट्रीय महा उपभोक्ता अदालत

भोपाल, राष्ट्रीय स्तर पर महा उपभोक्ता अदालत का आयोजन 12 नवम्बर, 2022 को किया जायेगा। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री शान्तनु एस. केमकर के मार्गदर्शन में महा उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन जिला स्तर पर सभी उपभोक्ता अदालतों में किया जायेगा। मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की पंजीयक श्रीमती अलका श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य आयोग एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोगों में विचाराधीन बैंकिंग, बीमा, विद्युत, चिकित्सा, टेलीफोन, कृषि, ऑटोमोबाइल्स, हाउसिंग, एयरलाइंस, रेलवे सहित विभिन्न सेवाओं और वस्तुओं से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही महा उपभोक्ता लोक अदालत के माध्यम से की जायेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

पशुओं में लंपी त्वचा रोग (L.S.D.) रोकथाम और बचाव

आज़ादी का अमृत महोत्सव

लंपी स्किन रोग पशुओं (गाय-भैंसों) में तेजी से फैलने वाला विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जो लंपी वायरस से होता है। संक्रमित पशु के शरीर पर परजीवी कीट, किलनी, मच्छर, मक्खियों से तथा दूषित जल, दूषित भोजन एवं लार के संपर्क से यह रोग तेजी से अन्य पशुओं में फैल सकता है। इस रोग से प्रभावित पशुओं में मृत्यु दर बहुत कम होती है तथा सामान्यतः 2 से 3 सप्ताह में पशु स्वस्थ हो जाता है। लंपी स्किन रोग जूनॉटिक नहीं होने से मनुष्यों में इस रोग के संक्रमण का खतरा नहीं है।

रोग के प्रमुख लक्षण :

- संक्रमित पशु को तेज बुखार होना।
- मुँह से अत्यधिक लार तथा आंखों एवं नाक से पानी बहना।
- लिंफ नोड्स तथा पैरों में सूजन एवं दुग्ध उत्पादन में गिरावट।
- गर्भित पशुओं में गर्भपात एवं कभी-कभी पशु की मृत्यु होना।
- पशु के शरीर पर त्वचा में बड़ी संख्या में 02 से 05 सेंटीमीटर आकार की गठानें बन जाना।

रोकथाम और बचाव के उपाय :

- संक्रमित पशु/पशुओं के झुण्ड को स्वस्थ पशुओं से पृथक रखना।
- कीटनाशक और विषाणु नाशक से पशुओं के परजीवी कीट, किलनी, मक्खी, मच्छर आदि को नष्ट करना।
- पशुओं के आवास-बाड़े की साफ सफाई रखना।
- संक्रमित क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों में पशुओं के आवागमन को रोका जाना।
- रोग के लक्षण दिखाई देने पर अविलंब पशु चिकित्सक से उपचार कराना।
- क्षेत्र में बीमारी का प्रकोप थमने तक पशुओं के बाजार, मेले आयोजन तथा पशुओं के क्रय-विक्रय आदि को रोकना।
- स्वस्थ पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कराना।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश में रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अलर्ट जारी कर विशेष सतर्कता रखी जा रही है। प्रभावित जिलों में पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण तथा पशु उपचार कार्य सतत् रूप से किया जा रहा है।

संपर्क करें

पशुओं में लंपी स्किन रोग के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम पशु औषधालय, पशु चिकित्सालय में संपर्क करें। भोपाल में राज्य स्तरीय रोग नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 0755-2767583 तथा टोल फ्री नंबर 1962 पर सूचना दें।

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

D-11095/R-47565/2022

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

चिकित्सा पाठ्यक्रम को हिंदी माध्यम में संचालित करने के लिए तेजी से करें कार्य

भोपाल, मध्यप्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम को हिंदी माध्यम में संचालित करने के लिए तेजी से कार्यवाही की जाए। इसके पूर्व हिन्दी माध्यम की पुस्तकें तैयार कर ली जाएं और उन्हें लॉन्च कर छात्र-छात्राओं को वितरित कराया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम को हिंदी माध्यम में संचालित करने की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम को हिंदी में संचालित करने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसकी सम्पूर्ण जानकारी से प्रधानमंत्री को भी अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हिंदी माध्यम की पुस्तकें तैयार हो जाने से जिन छात्र-छात्राओं को हिंदी माध्यम में पढ़ाई करना है, उनको सुविधा होगी।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा की पढ़ाई की शुरुआत हिंदी माध्यम में करने के लिए पूरी तैयारी हो गई है। पुस्तकें भी प्रिंट के लिए तैयार हैं।

संभागीय मुख्यालयों पर लगेंगे ऑटोमेटेड मोटर फिटनेस सैंटर

भोपाल, परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के 10 संभागीय मुख्यालयों पर लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से कॉमर्शियल वाहनों की फिटनेस के लिये ऑटोमेटिव व्हीकल फिटनेस सेंटर की स्थापना की जाना प्रस्तावित है। सेंटर्स की स्थापना से फिटनेस प्रमाण-पत्र देने के पूर्व वाहनों की फिजिकल चेकिंग एक ही स्थान पर हो जायेगी। वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों में ऑटोमेटिव मोटर फिटनेस सेंटर की स्थापना के निर्देश दिये हैं।

परिवहन मंत्री श्री राजपूत मंत्रालय में प्रमुख सचिव परिवहन श्री फैज अहमद किदवई, परिवहन आयुक्त श्री संजय कुमार झा एवं कंसल्टेंसी कम्पनी आई-केट के अधिकारियों के साथ प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वाहनों का फिटनेस मैन्युअली किया जा रहा है।

संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि एक सेंटर की स्थापना पर लगभग 15 करोड़ रुपये का व्यय होगा। एक सेंटर की स्थापना से एक साल में लगभग 40 हजार वाहनों की फिटनेस एवं जांच की जा सकेगी। फिटनेस सेंटर में वाहन की चेकिंग के दौरान पॉल्यूशन, ऑइल लीकेज, ब्रेक, लाइट्स, व्हील अलाइनमेंट, स्पीड गवर्नर आदि की मशीनों से जांच के बाद ही फिटनेस प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

विद्युत विहीन मजरे-टोलों के विद्युतीकरण की कार्य-योजना बनाएं

भोपाल, विद्युत विहीन मजरे-टोलों के विद्युतीकरण की कार्य-योजना बनाएं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कार्मिकों का दुर्घटना बीमा करवाना सुनिश्चित करें।

श्री तोमर ने कहा कि विभिन्न कंपनियों में रिक्त पदों की भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू करें। उन्होंने कहा कि खराब विद्युत मीटर यथाशीघ्र बदले जायें। साथ ही आकलित खपत के बिल नियमानुसार दिये जायें। रबी सीजन में वितरण ट्रांसफार्मर एवं अन्य मुख्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

कोविड नियंत्रण की तरह लम्पी वायरस रोकने के प्रयास किए जाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में लम्पी रोग नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, लम्पी वायरस रोकने कोविड नियंत्रण की तरह प्रयास किए जाएं। जागरुकता निर्माण के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन हो। राज्य सरकार द्वारा मवेशियों को निःशुल्क टीका लगाने की व्यवस्था की गई है। जन-जागरुकता के लिए संचार माध्यमों का उपयोग किया जाए। अधिक से अधिक टीकाकरण कर रोग को फैलने से रोकने का कार्य हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रदेश में लम्पी रोग नियंत्रण के लिये किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा जिस तरह मिलकर सभी कोविड से लड़े थे, वैसा ही जागरुकता का वातावरण गांव-गांव में बनना चाहिए। मवेशियों को इस संक्रामक रोग से बचाने के लिए ग्राम सभाओं में चर्चा हो। रोग से बचाव के उपाय बताए जाएं और प्रत्येक स्तर पर आवश्यक सतर्कता बरती जाए। कम संख्या में रोग से पशुओं की मृत्यु को हल्के में न लें और रोग की जानकारी न छिपाएं।

श्री चौहान ने गौशालाओं और अन्य स्थान पर रहने वाले पशुओं की रोग से रक्षा के लिए अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर भोपाल में राज्य स्तरीय रोग नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लम्पी वायरस के नियंत्रण के संबंध में पहले दो बैठकें लेकर निर्देश दिए थे। भोपाल में स्थापित नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक - 0755-2767583 तथा टोल फ्री नंबर 1962 है। इन नम्बरों पर चर्चा कर पशु पालकों द्वारा आवश्यक जानकारी प्राप्त की सकती है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लम्पी वायरस के नियंत्रण के लिए संचार माध्यमों का उपयोग करें। विभागीय अमले को सेंसटाइज करें। रोग नियंत्रण के प्रयासों की प्रतिदिन रिपोर्ट दें। श्री चौहान ने कहा कि पशुओं के टीकाकरण पर जोर रहना चाहिए। केन्द्र सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्य किया जाए।

पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश में लम्पी रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अलर्ट जारी कर विशेष सतर्कता रखी जा रही है। संक्रमित क्षेत्रों तथा जिलों में पशुओं का सघन टीकाकरण तथा चिकित्सा कार्य किया जा रहा है। पशुओं में लम्पी स्किन रोग के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम पशु औषधालय और पशु चिकित्सालय में संपर्क स्थापित करने को कहा गया है। बताया गया कि प्रदेश के जिलों में वायरस से 7686 पशु प्रभावित हुए, जिसमें 5432 पशु ठीक हुए हैं। अभी तक 101 पशुओं की मृत्यु हुई है। प्रदेश के सात जिलों रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, बैतूल, इन्दौर और खण्डवा में रोग की पुष्टि हुई है। प्रभावित ग्रामों और जिलों में पशुओं के आवागमन को प्रतिबंधित करने, बीमारी के नमूने, तत्काल राज्य पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल जहां से रोग के आउट ब्रेक होने की पुष्टि होती है, उससे 5 किलोमीटर की परिधि में आवश्यक टीकाकरण किया जा रहा है। औषधियां और वैक्सीन खरीदने के लिए पशु कल्याण समिति से व्यवस्था की गई है। राजस्थान और गुजरात की सीमा से लगे जिलों अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजगढ़ और बुरहानपुर के पशुपालन विभाग के अमले को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

पर्यावरण संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कबाड़ी वाला संस्था के सदस्यों के साथ पौध-रोपण किया

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट पार्क में बादाम, गूलर और सप्तपर्णी के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ कबाड़ी वाला संस्था के सदस्यों ने भी पौध-रोपण किया। 5 नगर में डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ता कबाड़ की सामग्री रीसायकल करने के लिए इस संस्था का इस्तेमाल करते हैं। भोपाल नगर निगम के साथ मिल कर मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर भी संचालित किया जाता है। संस्था स्वच्छता के क्षेत्र में भी कार्य करती है। सामग्री को रीसायकल कर उसके प्रयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहन देने का कार्य किया जा रहा है। संस्था को हाल ही में नई दिल्ली में पुरस्कृत भी किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में पौधरोपण करते हुए।

पौध-रोपण में द कबाड़ीवाला संस्था के सदस्यों श्री अनुराग असाटी, श्री कविंद्र रघुवंशी, श्री अमित चतुर्वेदी, श्री समीर कारपेंटर और सुश्री सोनिया नैन ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री के साथ इंदौर में कार्यरत सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े सदस्यों श्री मलय दीक्षित, श्रीमती प्रियंका दीक्षित, श्री गोपाल दीक्षित और श्रीमती मंजुला दीक्षित ने विवाह वर्षगांठ पर पौध-रोपण किया। भोपाल के लेखक और पत्रकार श्री कौशल किशोर चतुर्वेदी ने भी परिजन और मित्रगण के साथ पौध-रोपण में हिस्सा लिया।

जल जीवन मिशन में प्रदेश को मिले 1410 करोड़ रुपये

भोपाल, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से जल जीवन मिशन में प्रदेश को 1410 करोड़ 25 लाख 43 हजार रुपये के प्रथम ट्रांच की प्रथम किश्त प्राप्त हुई है। जल जीवन मिशन में प्रदेश के सभी ग्रामीण परिवारों को उनके घर में ही नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। मिशन में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा 50-50 प्रतिशत व्यय भार वहन किया जाता है।

प्रदेश में 1 करोड़ 22 लाख ग्रामीण परिवारों को मिलेगा पेयजल

मिशन में प्रदेश के करीब एक करोड़ 22 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है। प्रदेश में जल संरचनाओं का निर्माण कर हर घर जल उपलब्ध करवाने के कार्य में 52 लाख 77 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को लाभ दिया जा चुका है, जो सम्पूर्ण लक्ष्य का 44 प्रतिशत है। प्रदेश के 6100 गांव ऐसे हैं जिसके शत-प्रतिशत परिवारों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

डॉक्टर अभय कुमार सिंह

रूस में भारतवंशी रिकॉर्ड मतों से विधायक बने

डॉक्टर अभय कुमार सिंह ने रूस के ऐतिहासिक शहर कुर्स्क की विधानसभा सीट से 70 फीसदी से ज्यादा मत पाकर जीत हासिल की है। अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर पहचान बनाने वाले अभय बीते 3 दशकों से रूस में हैं। वह पटना के रहने वाले हैं और मेडिकल की पढ़ाई के लिए 1990 में रूस पहुँचे थे। उन्होंने यूनाइटेड रशिया पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ा और कुर्स्क क्षेत्र में रिकॉर्ड 70 प्रतिशत वोट हासिल किए। रूस में उन्होंने 2017 में पहला विधानसभा चुनाव जीता था।

मून रिसॉर्ट

अत्याधुनिक लग्जरी रिसॉर्ट दुबई में हो रहा तैयार

संयुक्त अरब अमीरात अपनी गगनचुंबी और खूबसूरत इमारतों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। इसी में से एक बुर्ज खलीफा जिसे देखने के लिए दुबई में लोग दुनियाभर से आते हैं, लेकिन अब दुबई की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए यूएई ने आसमान से चाँद को धरती पर उतारने का फैसला किया है। इसके लिए मून रिसॉर्ट तैयार किया जा रहा है। इस योजना के तहत चाँद के आकार की बिल्डिंग जो हूबहू चाँद के जैसी दिखेगी तैयार की जा रही है। फिर इसे रिसॉर्ट का आकार दिया जाएगा। इस रिसॉर्ट को बनाने में 4.2 बिलियन पाउंड (लगभग 38 हजार करोड़ रुपये) का खर्च आएगा। इस महंगे प्रोजेक्ट के लिए प्रायोजक मिल गए हैं।

इंडोनेशिया

समुद्र में खोजे जा रहे अयस्क भंडार

इंडोनेशिया के सुंगई लियाट में मत्रास बीच क्षेत्र की माइनर (खदानों में काम करने वाले कामगार) लौह अयस्क की खोज कर रहे हैं। इस काम में सैकड़ों कामगारों का दल लगा हुआ है। अयस्क खोजने का काम करीब 30 नॉटिकल मील दायरे में चल रहा है। दुनिया में इस वक्त इंडोनेशियाई धातुओं की मांग बढ़ी है। इस कारण इंडोनेशिया ने उत्पादन बढ़ाने जमीन के बाद अब समुद्री क्षेत्र खंगालना शुरू कर दिया है।

न्यूयॉर्क में

अंतरिक्ष का अनुभव कराने वाला आर्ट सेंटर

अंतरिक्ष की तरह दिखने वाला न्यूयॉर्क का डिजिटल आर्ट सेंटर इन दिनों आकर्षण का केन्द्र बन गया है। यह बैंक की इमारत में बनाया गया है। इसे 'हॉल दे लुमिएर्स' नाम दिया गया है। ऑस्ट्रियाई कलाकार गुस्ताव क्लिम्ट ने इसकी दीवारों और फर्श को सजाया है। युवाओं को इसके जरिए पेरिस के 'एटेलिए दे लुमिएर्स' और दुबई के 'इन्फिनिटी दे लुमियर्स' की तर्ज पर अंतरिक्ष जैसा रोमांचक अनुभव कराने की तैयारी है। इसे फ्रांस की कल्चर स्पेस कंपनी ने बनाया है। यह 33 हजार वर्गफीट में फैला है।

केरल

लोन स्वीकृति पत्र लेने बैंक पहुँचा रोबोट

केरल के कोच्चि स्थित फेडरल बैंक की शाखा ने रोबोट बनाने वाली एक कंपनी का लोन स्वीकृत किया। कंपनी के अधिकारी लोन स्वीकृति का पत्र लेने बैंक की शाखा में अपने रोबोट के साथ पहुँच गए। रोबोट ने न केवल बैंक के अधिकारियों के हाथों लोन स्वीकृति पत्र लिया, बल्कि उनका धन्यवाद भी किया।

बालापुर

24 लाख में बिका 21 किलो का लड्डू

तेलंगाना में पिछले दिनों गणेश चतुर्थी के अवसर पर बालापुर गणेश जी के लड्डू की नीलामी की गई। बालापुर के 21 किलो के प्रसिद्ध लड्डू को 24.6 लाख रुपये में खरीदा गया। गोल्डन लड्डू के नाम से मशहूर लड्डू की नीलामी टीआरएस नेता वेंगेटी लक्ष्मा लड्डू ने जीती। लड्डू को पिछले साल 2021 में 18.9 लाख रुपये में खरीदा गया था। इस साल 9 प्रतिभागियों ने लड्डू के लिए बोली लगाई थी। वर्ष 1994 में पहली बार लड्डू की नीलामी की गई थी।

टाइफून मुइफा

ओकिनावा में दी दस्तक

टाइफून मुइफा के चलते जापान में ओकिनावा के दक्षिण-पश्चिम में स्थित द्वीपों पर तेज रफ्तार हवाओं के साथ बारिश हो रही है। जापान की मौसम एजेंसी के अनुसार टाइफून मुइफा इशिगाकी द्वीप से 30 किलोमीटर दक्षिण में समुद्र तल के ऊपर स्थिर है। जिसके केंद्र में 955 हेक्टोपास्कल का वायुमंडलीय दबाव और हवा की रफ्तार 216 किलोमीटर प्रति घंटे तक मापी गई। एजेंसी ने तूफान से होने वाली जनहानि की चेतावनी जारी कर दी है।

मुकुल रोहतगी

नए अटार्नी जनरल होंगे

सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी नए अटार्नी जनरल होंगे। वह 1 अक्टूबर से कार्य भार संभालेंगे। कार्यकारी अटार्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल का कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म हो रहा है। वह 2014 से 2017 तक भारत के अटार्नी जनरल रह चुके हैं। वह फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। मुकुल रोहतगी 1993 में दिल्ली हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट बन गए थे।

विराट कोहली

ट्विटर पर रिकॉर्ड 5 करोड़ फॉलोअर्स हुए

ट्विटर पर विराट कोहली के रिकॉर्ड 5 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। वह अब सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले क्रिकेटर हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में सचिन तेंडुलकर को भी पीछे छोड़ दिया है। वह दुनिया के चौथे खिलाड़ी हैं, जिनके पास रिकॉर्ड फॉलोअर्स हैं। इस सूचीक्रम में क्रिस्टियानो रोनाल्डो पहले स्थान पर हैं उनके 10 करोड़ फॉलोअर्स हैं, उसके बाद नेमार 5.79 करोड़ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। लेब्रॉन जेम्स 5.22 करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

ब्लू ओरिजिन का

रॉकेट बीच उड़ान में ध्वस्त हुआ

ब्लू ओरिजिन स्पेस कंपनी के मालिक और दुनिया के सबसे बड़े अमीरों में से एक जेफ बेजोस का एक रॉकेट मानवरहित कैप्सूल अंतरिक्ष की ओर जाते हुए फेल हो गया। रॉकेट के फेल होते ही कैप्सूल ने खुद को अलग कर दिया। थोड़ी देर बाद वह वापस पैराशूट की मदद से टेक्सास के रेगिस्तान में सुरक्षित गिरा। टेक्सास स्थित लॉन्च साइट से ब्लू ओरिजिन के न्यू शेफर्ड मिशन की यह 23वीं (एनएस-23) लॉन्चिंग थी।

ताइवान का आरोप

देश की ब्यूटी क्वीन को झंडा लहराने से रोका

ताइवान ने चीन पर मलेशियाई व्यापार कार्यक्रम के आयोजकों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है, ताइवान ने कहा कि ब्यूटी क्वीन काओ मान-जंग को मंच पर द्वीप का झंडा लहराने से रोका गया। ताइवान के विदेश मंत्रालय के अनुसार 2022 वर्ल्ड कांग्रेस ऑन इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के उद्घाटन समारोह के दौरान सौंदर्य प्रतियोगिता हुई, इस दौरान ही यह घटना हुई।

गूगल पर

दो लाख करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का केस

ऑनलाइन विज्ञापनों के लिए गूगल के माध्यम एडटेक (एडवरटाइजर टेक्नोलॉजी) से प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुँचाने के आरोप में यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड में दो मुकदमे दायर हुए हैं। इनमें 2,540 करोड़ डॉलर यानी करीब दो लाख करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति का दावा किया गया है। दोनों देशों के प्रकाशकों के अनुसार गूगल द्वारा एकाधिकार के दुरुपयोग और गलत नीतियों की वजह से उन्हें विज्ञापनों से होने वाली आय में भारी नुकसान हुआ। ज्ञात रहे कि विगत् वर्ष फ्रांस के प्रतिस्पर्धा आयोग ने मोबाइल एप और वेबसाइटों पर विज्ञापन के लिए गूगल को एड-सर्वरों के एकाधिकार के दुरुपयोग का दोषी माना था।

आदिल तेली

लेह से मनाली की दूरी रिकॉर्ड टाइम में पूरी की

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके साइकिलिस्ट आदिल तेली ने लेह से मनाली तक 475 किलोमीटर की दूरी 29.18 घंटे 21 सेकंड में तय कर एक और रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने पुराना 35.32 घंटे का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। आदिल 5.41 बजे सुबह-सुबह लेह से रवाना हुए और रास्ते में 5 ऊंचे दर्रे पार कर 11.59 बजे मनाली पहुँचे। उन्होंने भारतीय सेना के भरत पद्म के पुराने विश्व रिकॉर्ड को करीब 6:16 घंटे कम समय लेकर तोड़ा।

ब्रिटेन में

बना 22 फीट लंबा स्कूटर

ब्रिटेन के 57 वर्षीय केविन निक्स ने दुनिया का सबसे लंबा स्कूटर बनाया है, जिसकी लंबाई करीब 22 फीट है। निक्स पेशे से एक बिल्डर और डिमाइनर भी हैं। इस स्कूटर की कीमत 16 हजार रुपये है। इसमें उन्होंने टूटे हुए मोबिलिटी स्कूटर के पुर्जों का उपयोग कर मात्र तीन दिन में इसे बनाया। इसमें 4 पहिए लगे हैं इसमें भी आम स्कूटर की तरह 2 लोग एक साथ बैठ सकते हैं।

बर्लिन

पुनर्जीवित हुई स्प्री नदी

जर्मनी की राजधानी बर्लिन से होकर गुजरने वाली स्प्री नदी पुनर्जीवित हो गई है। लगभग 91 साल तक नदी में प्रदूषण का स्तर ज्यादा होने के कारण इसमें स्विमिंग पर बैन लगाया हुआ था। यहाँ के लोगों ने रिवर पूल नामक संगठन बनाया। 15 लोगों से शुरू हुए इस संगठन में लगभग 700 लोग हैं। इन लोगों ने बर्लिन से होकर गुजरने वाली स्प्री नदी के कैनाल को साफ करने का काम शुरू किया। स्प्री नदी को देखने रिकॉर्ड पर्यटक आते हैं। वर्ष 2022 के पहले 6 महीने में बर्लिन में लगभग 45 लाख विदेशी पर्यटक पहुँचे। ये संख्या लंदन, न्यूयॉर्क और लिस्बेन से ज्यादा है। संभावना है कि बर्लिन में इस साल 95 लाख तक पर्यटक आएंगे।

ली लिंग युंग

सिंगापुर की खिलाड़ी ने बनाया रिकॉर्ड

सिंगापुर की 37 वर्षीय ली लिंग युंग हरेनिविकी ने 13 घंटे में 34 किलोमीटर तैरकर इंग्लिश चैनल पार किया है। ऐसा करने वाली वह सिंगापुर की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। ली के अनुसार जब उन्होंने पानी में छलांग लगाई तो वह बहुत घबराई हुई थीं क्योंकि अंधेरा था। लेकिन जब उन्होंने तैरना शुरू किया तो वह सहज हो गईं। वह कहती हैं कि तैराकी के दौरान दूरी बाधा नहीं थी बल्कि ठंड ज्यादा थी।

शेफाली राजदान

नीदरलैंड में अमेरिका की राजदूत बनीं

भारतीय मूल की 50 वर्षीय अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता शेफाली राजदान दुग्गल को नीदरलैंड में अमेरिका का राजदूत नियुक्त किया गया है। दुग्गल का जन्म हरिद्वार में हुआ था और जब वह दो साल की थीं तब उनका परिवार पेन्सिलवेनिया के पिट्सबर्ग आ गया था। उन्होंने मियामी विश्वविद्यालय से स्नातक किया और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय से परास्नातक की डिग्री हासिल की।

मैग्डेलेना एंडरसन

स्वीडन की प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। उनका यह कदम संसद में बहुमत न हासिल कर पाने के बाद आया है। एंडरसन ने स्वीडन की 349 सीटों वाली संसद रिक्सडैग के अध्यक्ष एंड्रियास नोरलेन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। नई सरकार बनने तक एंडरसन कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनी रहेंगी।

स्मृति शेष

कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का निधन

राजू श्रीवास्तव का लंबे इलाज के दौरान दिल्ली एम्स में 58 साल की उम्र में निधन हो गया। 10 अगस्त को जिम में वर्कआउट के दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद वो एम्स में भर्ती कराए गए थे। जहां 42 दिनों तक उनका लंबा इलाज चला। राजू श्रीवास्तव ने फिल्म तेजाब से हिंदी सिनेमा जगत में कदम रखा था। साल 2005 में कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज से उन्हें प्रसिद्धि मिली।

स्पेन के प्रख्यात उपन्यासकार जेवियर का निधन

स्पेन के प्रख्यात उपन्यासकार जेवियर मारियास का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। मारियास 15 उपन्यासों के लेखन के अलावा अनुवादक और स्तंभकार भी थे। उनकी कृतियों का अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में अनुवाद किया गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मास्क पहनें और भीड़-भाड़ से रहें दूर, कोरोना से बचने का टीका लगवायें जरूर।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 16 वर्ष 2022-23 **भोपाल, दिनांक : 15.09.2022**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2022_PWDRB_222591_1	मेगराकलां से सेमरी-1, सेमरी-2, बरखेड़ा याकूब, डुगरिया से नरेला दामोदर मार्ग की छुटी हुई लंबाई - 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	230.13
2.	2022_PWDRB_222592_1	नजीराबाद मुख्य मार्ग से नीमखेड़ी, भकवाह मार्ग लंबाई - 5.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	477.84
3.	2022_PWDRB_222593_1	सुनगा से कढैया ब्राह्मण जोड मार्ग लंबाई - 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	202.51
4.	2022_PWDRB_222597_1	छोटी अमरपुरा से आंकिया मार्ग लंबाई - 3.70 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	346.30
5.	2022_PWDRB_222600_1	झिरनिया से मिट्ठी छापरी से झिरनिया मार्ग लंबाई - 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	224.70
6.	2022_PWDRB_222603_1	गंगापिपलिया से बरखेड़ा हसन मार्ग लंबाई - 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	223.90
7.	2022_PWDRB_222604_1	चेतक ब्रिज तिराहा से कस्तूरबा नगर एवं इंडस्ट्रीयल एरिया मार्ग लंबाई - 5.50 कि.मी का निर्माण कार्य।	प्रथम	419.30
8.	2022_PWDRB_222605_1	जूनापानी महोली बर्ई गोरिया सरखेड़ा कचनारिया बाउंड्रीखार रामपुर भोजापुर मुख्य मार्ग लंबाई - 18.50 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	241.84
9.	2022_PWDRB_222606_1	देवलखेडा निदानपुर चांदसलोई मार्ग लंबाई - 9.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	119.83
10.	2022_PWDRB_222608_1	बरखेडा, बरामद से भारपहाड़ी, बोंगिया, बर्ई, बागराज, गोलकुंडा से इमलाचौकी मार्ग लंबाई - 9.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य। (शेष लंबाई)	प्रथम	118.83
11.	2022_PWDRB_222609_1	मनीखेडी से पीपलखेडा कलारा मार्ग लंबाई - 7.20 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	95.03
12.	2022_PWDRB_222611_1	बावडिया फाटक से बावडियाकला ग्राम मार्ग लंबाई - 2.50 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	34.60
13.	2022_PWDRB_222614_1	डंगरौली पहुंच मार्ग लंबाई - 1.20 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	18.12
14.	2022_PWDRB_222615_1	दामखेड़ी भटखेडी मार्ग लंबाई - 7.20 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	पंचम	78.10
15.	2022_PWDRB_222617_1	कडईया चमार, रिछी, सेमरा, जाजनखेडी, बकसी से धूतखेडी मार्ग लंबाई - 2.50 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य।	पंचम	22.94

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं जमा करने की **अंतिम तिथि 07.10.2022 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-17337/47569/2022 **लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1 ग्वालियर

Phone No. 0751-2371231, Email : eepwd1gwl@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 34 **ग्वालियर, दिनांक : 01.09.2022**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु भवन/सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.12.2022/25.03.2022 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबंद निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती है, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के विकासखण्ड घाटीगांव के अंतर्गत पंचायत पार में हतिया दांत के पास तोरण द्वार का निर्माण कार्य **(विधायक निधि)**

निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म	1. ठेके की अनु. लागत (लाख में) 2. अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक	3. निविदा प्राप्ति का दिनांक 4. कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोनिवि सं.क्र.-1 ग्वा.	5. निविदा खोलने का दिनांक 6. कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोनिवि सं.क्र.-1 ग्वा.	7. कार्य पूर्ण करने की अवधि 8. ठेकेदार की श्रेणी 9. आमंत्रण क्र.
2000/- "अ"	1.64 लाख 20000/-	**26.09.22**	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के अंतर्गत ग्राम चगौरा में भगू रावत के पास कुआ से चंदन के घर की ओर मुरमीकृत (ग्रेवल) रोड का निर्माण का कार्य **(विधायक निधि)**

2000/- "अ"	9.77 लाख 20000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. विधानसभा-18 भितरवार ग्वालियर के अंतर्गत ग्राम पाटई में टगर से रामू सिंह की डी.पी. की ओर मुरमीकृत (ग्रेवल) रोड का निर्माण का कार्य। **(विधायक निधि)**

2000/- "अ"	9.82 लाख 20000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

कार्य की अधिकतम अनुमानित लागत - 9.77 लाख
कुल कार्य संख्या - 03

कार्यपालन यंत्री

जी-17442/47586/2022 **लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-1 ग्वालियर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, ग्वालियर

फोन नं. - 0751-2371231, E-mail : eepwd1gql@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 33 **ग्वालियर, दिनांक 01.09.2022**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु भवन/सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020/25.03.2022 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबंद निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती है, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलम्ब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 1. जिला ग्वा. के विकासखंड भितरवार की ग्राम पंचायत सिमरिया टांका से आम के पुरा की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य। (शा. भूमि खसरा नं. 1562 एस) सांसद निधि प्रभात जी झा

निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म	1. ठेके की अनु. लागत (लाख में) 2. अमानत राशि	3. कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक	4. निविदा प्राप्ति का दिनांक 5. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि सं.क्र. 1, ग्वा.	6. निविदा खोलने का दिनांक 7. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि सं. क्र. 1, ग्वा.	8. कार्य पूर्ण करने की अवधि 9. ठेकेदार की श्रेणी 10. आमंत्रण क्र.
2000/- "अ"	8.91 लाख 18000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 2. जिला ग्वा. के विकासखंड भितरवार की ग्राम पंचायत दुवहा टांका में ब्लॉक चक से नहर की पुलिया की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य। (शा. भूमि खसरा नं. 107 एस) सांसद निधि प्रभात जी झा

2000/- "अ"	8.91 लाख 18000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 3. जिला ग्वा. के विकासखंड भितरवार की ग्राम पंचायत सिमरिया टांका रामगढ़ से आम के पुरा की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य (शा. भूमि खसरा नं. 4579 एस) सांसद निधि प्रभात जी झा

2000/- "अ"	8.91 लाख 18000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 4. जिला ग्वा. के विकासखंड भितरवार की ग्राम पंचायत सिमरिया टांका में मेन रोड से रामगढ़ की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य। (शा. भूमि खसरा नं. 2160 एस) सांसद निधि प्रभात जी झा

2000/- "अ"	8.91 लाख 18000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 5. जिला ग्वा. के विकासखंड भितरवार की ग्राम पंचायत दुवहा टांका कटना के पुरा से ब्लॉक चक की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य। (शा. भूमि खसरा नं. 1649 एस) सांसद निधि प्रभात जी झा

2000/- "अ"	8.91 लाख 18000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 6. जिला ग्वा. के विकासखंड भितरवार की ग्राम पंचायत दुवहा टांका में नहर से सीतापुर की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य। (शा. भूमि खसरा नं. 351 एस) सांसद निधि प्रभात जी झा

2000/- "अ"	8.91 लाख 18000/-	26.09.22	27.09.22	28.09.22	एक माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

कार्य की अधिकतम अनुमानित लागत - 8.91 लाख
कुल कार्य संख्या - 06

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग

जी-17433/47575/2022 **संभाग क्रमांक-1, ग्वालियर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रतलाम (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : 07412-270439, फैक्स क्रमांक : 267740, ई-मेल - eephedrat@mp.nic.in
ISO 9001.2015 Certified Office

क्रमांक 3780/नि.लि./लो.स्वा.यां./2022 **रतलाम, दिनांक : 21.09.2022**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से एम.पी. टेण्डरर्स पोर्टल **(https://mptenders.gov.in/nicgep/app)** पर आमंत्रित है। ऑनलाइन निविदा **दिनांक 30.09.2022** सायं 17.30 बजे तक ऑनलाइन निविदा में दी गई Key Dates अनुसार क्रय की जा सकती है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का विवरण :- रतलाम जिले के विकासखण्ड रतलाम हैण्डपंप तकनीशियन रहित, हैण्डपंप संधारण कार्य हेतु ऑनलाइन नवीन केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अपेडिक्स 2.10" पर आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	विकास खण्ड	हैण्ड पंपों की	कार्य की अनु. लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 5.30 बजे तक	निविदा प्रपत्र का मूल्य
09/22-23	2022_PHED_218109_2	हैण्डपंप संधारण कार्य।	रतलाम	3200 नग	26.16	50000	12 माह	30.09.2022	5000

शर्तें :-

1. निविदा आमंत्रण सूचना विभाग की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पेमेंट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** किया जाना है।
3. विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
महंगाई राहत के भुगतान पर होने वाले रुपये के अपूर्ण भाग को अगले रुपये में पूर्णांकित किया जायेगा।

कॅरियर की राहें

तेजी से बढ़ रहे हैं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कॅरियर के मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोरोना महामारी की चुनौतियां कम होते ही दुनिया के साथ-साथ भारत में भी हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री तेजी से बढ़ने लगी है। हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में होटल मैनेजमेंट, हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलॉजी जैसी विभिन्न सेवाएं शामिल हैं। हॉस्पिटैलिटी का सिर्फ एक कोर्स करने के बाद स्टूडेंट के द्वारा कई क्षेत्रों जैसे- प्रबंधन, खानपान,

हाउस कीपिंग, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन, सेल्स एंड मार्केटिंग और अकाउंट्स ऑफिस में भी जॉब प्राप्त किए जा सकते हैं। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर बढ़ने का अंदाजा इसकी वैश्विक रिपोर्टों से लगाया जा सकता है। हॉस्पिटैलिटी ग्लोबल मार्केट रिपोर्ट 2022 के अनुसार वैश्विक हॉस्पिटैलिटी बाजार 2022 में 4500 अरब डॉलर से अधिक है। वर्ष 2026 तक इस उद्योग का वैश्विक बाजार करीब 15.1 फीसदी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा।

एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2027 तक भारत में करीब तीन करोड़ से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पर्यटक पहुंचेंगे, जिसके चलते भारत में हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री तेजी से बढ़ेगी।

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कैसे बनाएं कॅरियर

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में किसी भी विषय का स्टूडेंट अपना कॅरियर बना सकता है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खान-पान टेक्नोलॉजी परिषद् (एनसीएचएम) अध्ययन के सुनियोजित पाठ्यक्रमों के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में स्थित संस्थानों के माध्यम से होटल प्रबंधन, खाद्य शिल्प आतिथ्य और सेवा क्षेत्र के लिए पाठ्यक्रम संचालित करती है। होटल प्रबंधन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला प्राप्त करने की न्यूनतम योग्यता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना है। एनसीएचएम में हॉस्पटैलिटी इंडस्ट्री से संबंधित बीएससी, एमएमसी, पीजी डिप्लोमा और अन्य कोर्स कराए जाते हैं।

इसकी प्रवेश परीक्षा एनसीएचएम जेईई है। भिन्न-भिन्न संस्थानों की चयन प्रक्रिया भिन्न हो सकती है, किन्तु सामान्यतः एक लिखित परीक्षा के बाद उम्मीदवारों को ग्रुप डिस्कर्शन एवं इंटरव्यू से गुजरना पड़ता है। होटल मैनेजमेंट के प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम, डिप्लोमा या डिग्री पाठ्यक्रम की अवधि 1 से 4 वर्ष निर्धारित है।

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम के अंतर्गत आपको खाद्य उत्पादन, भोजन और पेय पदार्थ सेवा, फ्रंट ऑफिस संचालन, लेखा, प्रबंधन, कम्प्यूटर, होटल प्रबंधन, विपणन एवं बिक्री तथा भोजन एवं पेय पदार्थों की व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की जाती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एमबीए इन टूरिज्म एंड हॉस्पैलिटी के लिए कैट, जैट या मैट के माध्यम से प्रवेश होता है।

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कॅरियर की स्किल्स

यदि आप आकर्षक क्रियाशील और उत्साही तथा ऊर्जावान हैं, तो हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में आपके करियर के लिए अच्छे मौकों और पदोन्नति की कोई कमी नहीं है। होटल प्रबंधन उद्योग निरंतर ऐसे स्मार्ट, समर्पित, कठिन परिश्रमी लोगों की खोज में रहता है, जो अपनी इन्हीं विशेषताओं के बल पर उनके उद्योग को तेजी से आगे बढ़ा दें। चूंकि इस इंडस्ट्री में ग्लोबल मौके मिलते हैं, इसलिए अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ और अच्छी संवाद क्षमता जरूरी है। जो लोग अपने कार्य के प्रति सही अभिवृत्ति, समर्पण भाव एवं समझबूझ रखते हैं, वे निःसंदेह इस कॅरियर विकल्प का चयन कर सकते हैं।

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में कॅरियर के क्षेत्र

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में केवल होटलों एवं आदर सत्कार उद्योग में ही नहीं बल्कि सेवा क्षेत्र में भी रोजगार की संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। आप अपना स्वयं का व्यवसाय भी आरंभ कर सफल उद्यमी बन सकते हैं। होटलों, रेस्त्राओं, क्लबों, विमान सेवाओं, अस्पतालों, सेना, संस्थानिक केटरिंग एवं परामर्शी फर्मों, सांस्थानिक उपकरण एवं उत्पादों की डिजाइनिंग एवं विपणन करने वाले उद्योगों, होटल विपणन एवं बिक्री, रिजार्ट ऑपरेशन, समुद्री यात्री जहाज के होटल के प्रबंधन और कॉलेज अध्यापन जैसे क्षेत्रों में रोज़गार के ढेरों अवसर उपलब्ध हैं। रेलवे, जहाजरानी और औद्योगिक कैंटीनों में भी रोज़गार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकल्पों जैसे कि भोजन एवं पेय पदार्थ, खाद्य उत्पादन, हाउस कीपिंग, कैबिन क्रू, मार्केटिंग, डायरेक्टर, क्लस्टर जनरल मैनेजर, फ्रंट ऑफिस, विपणन, मानव संसाधन विकास आदि में से अपनी पसंद

के विकल्प का चयन कर सकते हैं। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में वेतनमान आकर्षक होता है और अनुभव के साथ बढ़ता है।

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में पाठ्यक्रम और संस्थान का चयन

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में पाठ्यक्रम के लिए संस्थान/विश्वविद्यालय का चयन करते हुए आपको बहुत अधिक सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि यह आपके कॅरियर का प्रश्न है और इसके साथ आप बिलकुल समझौता नहीं कर सकते। भौतिक एवं मानवीय दोनों स्तरों पर ही संरचना एवं संसाधन बहुत महत्वपूर्ण हैं तथा इन संस्थानों में पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर सुविधाओं की भी अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। संस्थानों के संबंध में संकाय सूची की एक प्रति प्राप्त करना और संस्थानों के पूर्व रिकॉर्ड का एक विस्तृत अवलोकन करना आपके भविष्य के लिए लाभदायक हो सकता है। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के तहत किसी संस्थान में दाखिला लेने से पूर्व विद्यार्थियों को यह जांच अवश्य कर लेनी चाहिए कि वह संस्था ए.आई.सी.टी.ई. भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है अथवा नहीं।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री, होटल मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलॉजी, होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, केटरिंग एंड होटल मैनेजमेंट, फूड क्राफ्ट जैसे विषयों में विभिन्न कोर्स करने वाले कई संस्थान कार्यरत हैं। कोई भी स्टूडेंट अपनी रूचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप उपयुक्त पाठ्यक्रम और संस्थान का चयन करके इस सेक्टर में कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इनमें से किस बल्लेबाज ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं बनाया है।
(अ) दीपक हुड्डा
(ब) सुरेश रैना
(स) रोहित शर्मा
(द) शिखर धवन

2. जापान ने कितनी बार बैडमिंटन का उबेर कप अपने नाम किया है।
(अ) चार बार
(ब) पांच बार
(स) छह बार
(द) सात बार

3. भारत ने एशियन गेम्स-2018 में कितने स्वर्ण पदक जीते थे।
(अ) 15 (ब) 16
(स) 18 (द) 20

4. मैक्स वर्स्टापेन ने इस वर्ष इनमें से कौन-सी रेस नहीं जीती है।
(अ) ब्रिटिश ग्रांप्री
(ब) अजरबेजान ग्रांप्री
(स) फ्रेंच ग्रांप्री
(द) मियामी ग्रांप्री

5. इनमें से किस महिला खिलाड़ी पर हाल ही में डोपिंग के चलते प्रतिबंध लगा है।
(अ) हिमा दास
(ब) नवजीत कौर
(स) मणिका बत्रा
(द) दीपिका कुमारी

6. सबसे ज्यादा बार ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने वाली मार्गरेट कोर्ट किस देश की खिलाडी हैं।
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) अमेरिका
(स) कनाडा
(द) इनमें से कोई नहीं

7. तेजस्विनी सावंत किस खेल में भारत की दिग्गज खिलाड़ी रह चुकी हैं।
(अ) क्रिकेट
(ब) शतरंज
(स) टेबल टेनिस
(द) निशानेबाजी

8. वर्ष 2006 में किस देश ने एशियाई खेलों की मेजबानी की थी।
(अ) चीन
(ब) कतर
(स) जापान
(द) इंडोनेशिया

9. भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में कुश्ती में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं।
(अ) चार
(ब) पांच
(स) छह
(द) सात

10. इनमें से कौन-सा टूर्नामेंट टेनिस से संबंधित नहीं है।
(अ) डेविस कप
(ब) डूरंड कप
(स) फेड कप
(द) इनमें से कोई नहीं

11. इंग्लैंड के फुटबॉलर हैरी केन किस क्लब के लिए खेलते हैं।
(अ) टॉटनहम हॉटस्पर
(ब) मैनचेस्टर सिटी
(स) लिवरपूल
(द) चेल्सी

12. इस वर्ष वूमेंस यूरो कप का खिताब किस देश ने जीता है।
(अ) फ्रांस (ब) इंग्लैंड
(स) जर्मनी (द) स्वीडन

13. टी-20 अतंर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं।
(अ) युवराज सिंह
(ब) कॉलिन मुनरो
(स) क्रिस गेल
(द) पॉल स्टर्लिंग

14. टिम काहिल किस देश के दिग्गज फुटबॉलर रह चुके हैं।
(अ) इंग्लैंड (ब) मैक्सिको
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) रूस

15. वर्ष 2018 में किस देश ने एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप जीता था।
(अ) भारत
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) अर्जेंटीना
(द) बेल्जियम

16. कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में किस देश ने नेटबॉल खेल का स्वर्ण पदक जीता है।
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) सिंगापुर
(स) जमैका
(द) न्यूजीलैंड

17. किस देश ने सर्वाधिक चार बार फीफा महिला वर्ल्डकप जीता है।
(अ) ब्राजील
(ब) अमेरिका
(स) स्वीडन
(द) चिली

18. इनमें से किस वर्ष फ्रांस में फीफा वर्ल्डकप खेला गया था।
(अ) वर्ष 1998
(ब) वर्ष 2002
(स) वर्ष 2006
(द) वर्ष 2010

19. अमेरिका के मुक्केबाजी फ्लॉयड मेवेदर ने कितनी प्रोफेशनल फाइट जीती हैं।
(अ) 35 (ब) 42
(स) 47 (द) 50

20. इस वर्ष सिंगापुर ओपन में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी हैं।
(अ) पीवी सिंधु
(ब) वांग जीयी
(स) साइना नेहवाल
(द) एंतानोन रत्चानोक

21. वीरेन्द्र सहवाग ने पाकिस्तान के अलावा किस देश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाया है।
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) श्रीलंका
(स) वेस्टइंडीज
(द) दक्षिण अफ्रीका

22. बांग्लादेश के क्रिकेटर मुश्फिकुर रहीम ने हाल ही में क्रिकेट के किस प्रारूप से संन्यास लिया है।
(अ) टेस्ट
(ब) वन-डे
(स) टी-20 अंतर्राष्ट्रीय
(द) उपरोक्त सभी

23. इनमें से किस देश ने दो बार फीफा वर्ल्डकप नहीं जीता है।
(अ) अर्जेंटीना (ब) इंग्लैंड
(स) ऊरूग्वे (द) फ्रांस

24. भारत में आखिरी बार किस वर्ष एशियाई खेल आयोजित किए गए थे।
(अ) वर्ष 1982
(ब) वर्ष 1986
(स) वर्ष 1990
(द) इनमें से कोई नहीं

25. सेरेना विलियम्स ने कितनी बार फ्रेंच ओपन एकल टाइटल जीते हैं।
(अ) दो बार
(ब) तीन बार
(स) चार बार
(द) सात बार

उत्तर

1.(द), 2.(स), 3.(ब), 4.(अ), 5.(ब), 6.(अ), 7.(द), 8.(ब), 9.(स), 10.(ब), 11(अ), 12.(ब), 13.(अ), 14.(स), 15.(द), 16.(अ), 17.(ब), 18.(अ), 19.(द), 20.(अ), 21.(द), 22.(स), 23.(ब), 24.(अ), 25.(ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

भारत दुनिया का शीर्ष चाय उत्पादक देश

भारतीय चाय की दुनिया में है जबरदस्त मांग

चाय महज एक पेय पदार्थ नहीं है बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। यह कला, संस्कृति, विरासत और लाखों, करोड़ों लोगों के लिए आजीविका की स्रोत है। कुछ देशों में चाय उद्योग को आय और निर्यात के ज़रिये मिलने वाले राजस्व का एक प्रमुख स्रोत बताया गया है। चाय उत्पादन और प्रसंस्करण कार्य से विकासशील देशों में लाखों लोगों का जीवन-यापन होता है। चाय बेहद अहम नकदी फसलों में शामिल है। चाय उत्पादन के लिए जिन विशिष्ट कृषि-पारिस्थितिकी तन्त्रों की जरूरत होती है वह जलवायु परिवर्तन के नजरिये से बेहद संवेदनशील हैं। चाय का वानस्पतिक (वॉटेनिकल) नाम कैमलिया साइनिस है। भारतीय चाय की चुस्की लेना विदेशियों को भी खूब पसंद है। इसकी वजह भारतीय चाय की उच्च गुणवत्ता, दुनिया की सबसे बेस्ट चाय भारत की मानी जाती है।

संयुक्त राष्ट्र ने भी चाय की अहमियत को किया रेखांकित

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 दिसम्बर 2019 को, 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया था ताकि ग्रामीण विकास और टिकाऊ आजीविका में चाय की अहमियत को रेखांकित किया जा सके। इसके बाद 2020 से हर साल 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाने लगा है। इससे पहले हर साल 15 दिसंबर को चाय उत्पादन करने वाले देशों में अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है।

मई का महीना इसलिए चुना गया, क्योंकि चाय उत्पादन के लिए यह महीना सबसे बेहतर माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने चाय के औषधीय गुणों के साथ सांस्कृतिक महत्व को भी मान्यता दी है।

पूरी दुनिया में है भारतीय चाय की मांग

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा चाय उत्पादक देश है, जबकि केवल भारत में ही अन्य देशों के मुकाबले लगभग 70 प्रतिशत चाय का उपभोग किया जाता है। भारत की चाय के निर्यात में जबरदस्त उछाल आया है, निश्चित रूप से इसकी खास वजह भारत में उगने वाली चाय की खास किस्मों में छिपी है जो पूरी दुनिया में और कहीं नहीं मिलती। भारत में वर्ष 2022 में 2,532 करोड़ से अधिक की चाय का निर्यात हुआ है। इसी के चलते पूरी दुनिया में भारतीय चाय की डिमांड भी तेजी से बढ़ी है।

चाय के निर्यात में बड़ा उछाल

भारतीय चाय के निर्यात में 96.9 मिलियन किलोग्राम का उछाल देखा जा रहा है। सरकार के प्रयासों से 2022 में 2,532 करोड़ से अधिक की चाय का निर्यात हुआ। वहीं 2021 में 2,306 करोड़ से अधिक की चाय का निर्यात हुआ। यह स्थिति तब है जब दुनिया की सबसे अधिक चाय की खपत केवल भारत में ही है।

चाय बोर्ड की स्थापना

देश में चाय के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। चाय की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार चाय के उत्पादन को और अधिक बढ़ावा देने में लगी है। इसके लिए सरकार द्वारा चाय बोर्ड भी गठित किया गया है। चाय अधिनियम 1953 की धारा (4) के अनुसार 1 अप्रैल, 1954 को एक सांविधिक निकाय के रूप में चाय बोर्ड की स्थापना की गई थी। शीर्ष निकाय के रूप में यह चाय उद्योग के समग्र विकास का ध्यान रखता है। बोर्ड की अध्यक्षता एक अध्यक्ष द्वारा की जाती है और इसमें भारत सरकार द्वारा नियुक्त 30 सदस्य होते हैं जो कि चाय उद्योग के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। बोर्ड का प्रधान कार्यालय कोलकाता में स्थित है और दो क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर-पूर्व क्षेत्र में असम के जोरहाट में और तमिलनाडु में कुन्नूर में दक्षिण क्षेत्र में है। इसके अलावा सभी प्रमुख चाय उत्पादक राज्यों और चार महानगरों में 18 क्षेत्रीय कार्यालय फैले हुए हैं। चाय बोर्ड के कार्यों और जिम्मेदारियों में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाना, चाय की गुणवत्ता में सुधार लाना, बाजार संवर्धन और बागान श्रमिकों के लिए कल्याणकारी उपाय और अनुसंधान और विकास का समर्थन करना शामिल है।

विदेशी कार्यालय भी स्थापित

चाय के प्रचार के उद्देश्य से तीन विदेशी कार्यालय लंदन, दुबई और मास्को में स्थित हैं। भारतीय चाय का उत्पादन छोटे क्षेत्रों में भी होता है, इन छोटे क्षेत्र की विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग निदेशालय की स्थापना की गई है। इस निदेशालय के तहत सभी क्षेत्रों में उप क्षेत्रीय कार्यालय खोले गए हैं। जहां छोटे उत्पादकों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखने और छोटे क्षेत्र से उत्पादित चाय की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में काम किया जाता है।

भारत में चाय की प्रमुख किस्में

- **दार्जिलिंग :** दार्जिलिंग वह जगह है जहां दुनिया की सबसे प्रसिद्ध चाय का जन्म हुआ है। दार्जिलिंग चाय दुनिया में कहीं और नहीं उगाई या निर्मित की जा सकती है। दार्जिलिंग चाय अपनी पहाड़ियों की तरह मनमोहक। यहां समुद्र तल से लगभग 600 से 2000 मीटर की ऊँचाई पर चाय उगाई जाती है। इसकी परंपरा इतिहास में डूबी है एवं इसकी विशिष्ट खुशबू को हर घूंट में महसूस किया जा सकता है। दार्जिलिंग की चाय को दुनिया भर के पारखी लोगों ने पसंद किया है। दार्जिलिंग चाय भौगोलिक संकेत यानी जीआई टैग पाने वाला पहला भारतीय उत्पाद था। दार्जिलिंग चाय दुनिया की सबसे महंगी चायों में से एक है।
- **असम :** यहां के रोलिंग मैदानों पर उगाई जाने वाली कड़क चाय अपने स्वाद के लिए प्रसिद्ध है। इस स्वाद के पीछे दोमट मिट्टी, अद्वितीय जलवायु और भरपूर वर्षा से समृद्ध क्षेत्र जिम्मेदार हैं। असम दुनिया में चाय का सबसे बड़ा क्षेत्र है। ऑर्थोडॉक्स और सीटीसी (क्रश, टियर, कर्ल) दोनों प्रकार की चाय का उत्पादन यहां किया जाता है। असम अर्थोडॉक्स चाय एक पंजीकृत भौगोलिक संकेत (जीआई) है। इसे दुनिया में सबसे चुनिंदा चायों में से एक माना जाता है। यहां समुद्र तल से 45 से 60 मीटर की ऊँचाई पर चाय उगाई जाती है।
- **नीलगिरी :** तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल राज्य के नीलगिरि पर्वतमाला में उगाई जाने वाली नीलगिरि चाय में थोड़ा फ्रूटी, मिन्टी फ्लेवर होता है, शायद इसलिए कि इस क्षेत्र में ब्लू गम और नीलगिरी जैसे पेड़ हैं। इस क्षेत्र में चाय की ऑर्थोडॉक्स और सीटीसी दोनों किस्मों का निर्माण किया जाता है। यहां समुद्र तल से 1000 से 2500 मीटर की ऊँचाई पर चाय उगाई जाती है।
- **कांगड़ा :** कांगड़ा चाय का इतिहास 1849 का है जब वॉटनिकल चाय बागानों के अधीक्षक डॉ. जेम्सन ने इस क्षेत्र को चाय की खेती के लिए आदर्श बताया। भारत के सबसे छोटे चाय क्षेत्रों में से एक होने के नाते कांगड़ा हरी (ग्रीन) और काली (ब्लैक) चाय बहुत ही खास है। यहां की काली चाय में स्वाद के बाद मीठी सुगंध होती है, वहीं हरी चाय में सुगंधित लकड़ी की खुशबू होती है। कांगड़ा चाय की मांग लगातार बढ़ रही है। यहां समुद्र तल से 900 से 1400 मीटर की ऊँचाई पर चाय उगाई जाती।
- **मुन्नार :** मुन्नार में आपका स्वागत चाय की झाड़ियों की हरी कालीन से होता है। यहां की तीन पहाड़ियां मुद्रापुजा, नल्लथननी और कुंडला चाय का घर हैं। समुद्र तल से लगभग 2200 मीटर की ऊँचाई पर चाय बागानों के साथ, मुन्नार में दुनिया के उच्च विकसित चाय क्षेत्र हैं।
- **डुअर्स-तराई :** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चाय उगाने वाले क्षेत्रों को डुअर्स के नाम से जाना जाता है, जो उत्तर-पश्चिम में भूटान और दार्जिलिंग जिले, दक्षिण में बांग्लादेश और कूचबिहार जिले और पूर्व में असम से घिरा है। डुअर्स-तराई चाय असम चाय की तुलना में हल्की होती है।
- **मसाला चाय :** आयुर्वेदिक फायदों वाली इस चाय का जन्म भारत में ही हुआ और यह विदेशों में भी लोकप्रिय है। घर में मौजूद मसाले जैसे अदरक, काली मिर्च, लौंग, इलाइची आदि को मिलाकर इस पेय को बनाया जाता है।
- **सिक्किम चाय :** समुद्र के स्तर से लगभग 1000-2000 मीटर की ऊंचाई पर इस क्षेत्र के चाय बागानों में ऑर्गेनिक यानी जैविक चाय का उत्पादन होता है। यहां चाय की पत्तियों को बड़े ध्यान से तोड़ा जाता है, ताकि आपको एक मनोरम काढ़ा मिले जोकि हल्का, फूलदार, सुनहरा पीला एवं बोहतरीन स्वाद से भरपूर हो। काली चाय की किस्मों के अलावा सिक्किम में सफेद चाय का उत्पादन भी होता है, जो कलियों से निर्मित होती है, वहीं नए पत्तों से बनने वाली ग्रीन टी या हरी चाय अपने फूलों के स्वाद के लिए जानी जाती है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

सफेद शेरों की भूमि के रूप में प्रसिद्ध है रीवा जिला

रीवा, मध्यप्रदेश के रीवा संभाग का एक जिला है। जिले के रूप में इसका गठन 01 नवंबर 1956 को किया गया था। इसके उत्तर में उत्तरप्रदेश राज्य, पश्चिम में सतना जिला, पूर्व में मिर्जापुर एवं दक्षिण में सीधी जिला स्थित है।

रीवा विश्व जगत में सफेद शेरों की धरती के रूप में जाना जाता रहा है क्योंकि रीवा के जंगलों में विश्व का सबसे पहला सफ़ेद शेर मोहन पाया गया था। रीवा शहर का नाम रेवा नदी के नाम पर पड़ा, जो कि नर्मदा नदी का पौराणिक नाम है। जिले में मध्यप्रदेश का पहला सैनिक स्कूल स्थित है, जिसे 1962 में स्थापित किया गया था।

रीवा पहले एक बड़ी रियासत थी। बीहर एवं विछिया नदी के आंचल में बसा हुआ रीवा शहर बघेल वंश के शासकों की राजधानी के साथ-साथ विंध्य प्रदेश की भी राजधानी हुआ करता था। रीवा, बादशाह अकबर के नवरत्न तानसेन एवं बीरबल जैसी महान विभूतियों की जन्मस्थली भी रहा है। पुरातनकाल से ही यह एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग रहा है, जो कि कौशाम्बी, प्रयाग, बनारस, पाटलीपुत्र इत्यादि को पश्चिमी और दक्षिणी भारत से जोड़ता रहा है। यहाँ के निवासियों में गोंड एवं कोल जाति के लोग भी शामिल हैं, जो पहाड़ी भागों में रहते हैं।

इतिहास

ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार जब गुजरात से सोलंकी राजपूत मध्यप्रदेश आए तो इनके साथ कुछ परिहार राजपूत भी आए। कुछ समय पश्चात् सोलंकी राजा व्याघ्र देव ने सोलंकी से बघेल तथा परिहार से वरग्राही (श्रेष्ठता को ग्रहण करने वाला) वंश की स्थापना की। बघेल वंश की स्थापना व्याघ्र देव ने की जिसके कारण इन्हें व्याघ्र देव का वंशज भी कहा जाता है।

भूतपूर्व रीवा रियासत की स्थापना लगभग 1400 ई. में बघेल राजपूतों द्वारा की गई थी। मुगल सम्राट अकबर द्वारा बांधवगढ़ नगर को ध्वस्त किए जाने के बाद रीवा महत्वपूर्ण बन गया और 1597 ई. में इसे रीवा रियासत की राजधानी के रूप में चुना गया। यह शहर ब्रिटिश एजेंसी की राजधानी भी रहा।

रीवा का इतिहास मौर्यकाल से भी जुड़ा हुआ है, यहाँ पर तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्यों का राज्य था, इसके बाद 9वीं से 12वीं शताब्दी तक यहाँ पर कलचुरी राजवंश का आधिपत्य था और 13वीं शताब्दी से यह भू-भाग रीवा रियासत के रूप में जाना जाने लगा। 1618 में महाराजा विक्रमादित्य सिंह ने अपनी राजधानी रीवा स्थानांतरित की। महाराजा मार्तंड सिंह रीवा के अंतिम शासक थे, जो आजादी के बाद भारत संघ में शामिल हो गए थे।

अर्थव्यवस्था

रीवा जिला पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां की मिट्टी अरहर के लिए अनुकूल है। साथ ही इस जिले को नगदी फसल के रूप में भी जाना जाता है। किसानों को कम लागत में अधिक लाभ दिलाने का काम भी अरहर करती है। जिले की प्रमुख उपज धान है। जिले में जंगलों की अधिकता है, जिनसे लाख, लकड़ी, कत्था सहित कई तरह की वनोपज मिलती हैं। रीवा शहर सुपारी आर्ट के लिए जाना जाता है। यहां सुपारी से कई तरह के खिलौने बनाए जाते हैं, यहां के प्रमुख उद्योगों में सीमेंट और कत्था उद्योग शामिल हैं। जिले में जिप्सम, चूना-पत्थर एवं बॉक्साइट भी उत्खनित किया जाता है।

प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 01 नवंबर 1956
2. संभाग- रीवा
3. जिला मुख्यालय - रीवा
4. क्षेत्रफल - 6240 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 23,54,220
6. लिंग अनुपात- 930
7. जनघनत्व - 375 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 71.62 प्रतिशत
9. तहसीलें - 11 (हुज़ूर, रायपुर कर्चुलियान, मऊगंज, हनुमना, गुढ़, त्योंथर, सिरमौर, मनगवां, सेमरिया, जवा, नईगढ़ी)।
10. विकासखंड - 9
11. ग्राम पंचायत - 827
12. ग्राम - 2817
13. नगर निगम - 1
14. नगर पालिका - 11
15. विधानसभा क्षेत्र - 8 (सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, मऊगंज, देवतालाव, मनगवां, रीवा, गुढ़)।
16. लोकसभा क्षेत्र - 1 (रीवा संसदीय क्षेत्र)
17. भाषा एवं बोली हिन्दी, बघेली (सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- रीवा का किला मध्यप्रदेश में स्थित कुछ बेहतरीन किलों में से एक है। किले के पीछे दो नदियां बहती हैं, जो इसे प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करती हैं। किले का मुख्य द्वार भारतीय वास्तुकला का अच्छा उदाहरण है। परंपराओं और प्राचीन संस्कृति के प्रतीक इस किले का निर्माण सलीम शाह द्वारा शुरू किया गया था। इस अधूरे किले को बाद में रीवा के महाराजा विक्रमादित्य द्वारा पूरा कराया गया था। किले के अंदर महामृत्युंजय मंदिर है। वर्तमान में यहां एक संग्रहालय बनाया गया है।
- रीवा जिले में स्थित देउर कोठार एक पुरातत्व स्थल है। यह अपने बौद्ध स्तूपों के लिए जाना जाता है। वर्ष 1982 में खोजे गए यह स्तूप लगभग दो हजार साल पुराने और अशोक के शासनकाल से संबंधित बताए जाते हैं। यहां मिट्टी की ईंटों से बने तीन बड़े स्तूप और पत्थरों से बने कई छोटे स्तूप हैं। विंध्य क्षेत्र में बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के के लिए इन स्तूपों को बनाया गया था।
- गोविंदगढ़ को रीवा के राजा की ग्रीष्मकालीन राजधानी माना जाता था, जो रीवा शहर से लगभग 18 कि.मी. दूर है। अपने सुंदरजा आमों के लिए प्रसिद्ध, गोविंदगढ़ को मिनी वृंदावन के रूप में भी जाना जाता है। यहां गोविंदगढ़ किला और तालाब, आम अनुसंधान केंद्र, पुरातत्व अभिलेखागार, राम गोविंद मंदिर और हनुमान मंदिर प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।
- रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर, जिले की गुढ़ तहसील में 6.4 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला एक परिचालन सौर पार्क है। इस विशाल परियोजना को जुलाई 2018 में 750 मेगावॉट क्षमता के साथ चालू किया गया था। इसका विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान है।
- रीवा जिले में मध्यप्रदेश का सबसे ज्यादा ऊंचाई वाला बहुती जलप्रपात है। यह बीहड़ की सहायक सेलर नदी पर बनता है। दूसरे नंबर पर बीहड़ नदी पर बना रीवा का ही चचाई जलप्रपात है। इसके साथ ही महाना नदी पर स्थित क्योटी जलप्रपात, सिरमौर में टोंस नदी पर पूर्वा जलप्रपात, पियावन जलप्रपात एवं बेलोही अन्य प्रमुख जलप्रपात हैं।
- रीवा जिले के सिरमौर की बरदहा घाटी में स्थित घिनौची धाम, जिसे पियावन के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थल है। यहां प्राकृतिक झरने का जल भगवान शिव का साल भर निरंतर जलाभिषेक करता है।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मुंबई को हराकर बेंगलुरु एफसी ने जीता डूरंड कप

कोलकाता, सुनील छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरु एफसी ने डूरंड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया है। बेंगलुरु ने टूर्नामेंट के फाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया। मैच में बेंगलुरु के लिए शिवशक्ति नारायणन और एलेन कोस्टा ने गोल किए जबकि मुंबई के लिए अपुईया ने गोल किया। मैच में बेंगलुरु ने शुरुआत से आक्रामक रणनीति अपनाई। नारायणन ने मैच के 11वें मिनट में मुंबई के डिफेंडरों को छकाते हुए शानदार गोल किया। इसके बाद मैच के 30वें मिनट में मुंबई के अपुईया ने फ्री किक को गोल में तब्दील कर मुंबई की मैच में वापसी कराई। पहले हाफ में 1-1 की बराबरी के बाद मैच के 61वें मिनट में स्लेन कोस्टा ने गोल कर बेंगलुरु को 2-1 कि बढ़त दिलाई, जो निर्णायक साबित हुई। बेंगलुरु एफसी ने पहली बार डूरंड कप जीता है।

नॉर्वे ने डेविस कप में भारत को 3-1 से हराया

लिलेहेमर, डेविस कप के विश्व ग्रुप एक के मुकाबले में भारत को नॉर्वे के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारत का डेविस कप में सफर थम गया है। डेविस कप में नॉर्वे ने भारत को 3-1 से हराया। मुकाबले के पहले एकल मैच में नॉर्वे के कैस्पर रूड ने भारत के प्रजनेश गुणेश्वरन को 6-1, 6-4 से हराया, वहीं दूसरे एकल मैच में नॉर्वे के विक्टर डूरासोविक ने रामकुमार रामनाथन को 6-1, 6-4 से हराया। भारत के युगल मुकाबले में जीत की उम्मीद थी, लेकिन कैस्पर और विक्टर की जोड़ी ने भारत के यूकी भांवरी और साकेत मिनेनी की जोड़ी को 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर 3-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद रिवर्स एकल मुकाबले में भारत को जीत मिली। भारत के सुमित नागल ने नॉर्वे के लुकास हेलम को 6-2, 6-1 से हराया, लेकिन तब तक भारत मुकाबले से बाहर हो चुका था।

बांग्लादेश ने जीती महिला सैफ चैम्पियनशिप

काठमांडू, बांग्लादेश की महिला फुटबॉल टीम ने महिला चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। बांग्लादेश ने टूर्नामेंट के फाइनल में नेपाल को 3-1 से हराकर खिताब जीता। बांग्लादेश ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है। बांग्लादेश के लिए रानी सरकार ने दो तथा शमसुन्नाहर जूनियर ने एक गोल किया। वहीं नेपाल के लिए अनीता बस्नेत ने एक गोल किया। टूर्नामेंट में बांग्लादेश की फॉरवर्ड खिलाड़ी सबीना खातून ने सर्वाधिक आठ गोल किए।

ऑस्ट्रेलिया की रशेल ने क्रिकेट को कहा अलविदा

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी महिला क्रिकेटर रशेल हेन्स ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। रशेल ने संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से पूरी तरह संन्यास ले रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला बिग बैश लीग के अगले सत्र के बाद वह घरेलू क्रिकेट से भी संन्यास लेंगी। रशेल ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 84 ट्वेंटी-20, 77 वन-डे और 6 टेस्ट मैच खेले हैं। रशेल के नाम वन-डे में 2585, ट्वेंटी-20 में 850 और टेस्ट में 383 अंतर्राष्ट्रीय रन हैं। रशेल ने जुलाई 2009 में इंग्लैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था।

विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप

बजरंग ने जीता कांस्य पदक

बेलग्रेड, राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय पहलवान सर्विया में आयोजित विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में अपने प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाये। भारत के लिए स्टार पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने बेहतर प्रदर्शन किया, इसके बावजूद इन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बजरंग ने कांस्य पदक जीतकर भी इतिहास रच दिया। वे विश्व चैम्पियनशिप में चार पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं।

विश्व चैम्पियनशिप में 65 किलोग्राम भारवर्ग में बजरंग को स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था। इस भारवर्ग के राउंड-32 में बजरंग को बाई मिली और वह सीधे राउंड-16 में उतरे। राउंड-16 में बजरंग ने क्यूबा के एलेजांन्द्रो वाल्देस को 5-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में बजरंग को अमेरिका के मिआनी डिकोमिहैलिस के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

रेपचेज में जीता कांस्य पदक

अमेरिकी पहलवान डिकोमिहैलिस के फाइनल में जगह बनाने के कारण बजरंग को रेपचेज राउंड खेलने का मौका मिला बजरंग ने रेपचेज राउंड के पहले मैच में

- **बजरंग पूनिया ने विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में अब तक चार पदक जीते हैं।**
- **बजरंग वर्ष 2013 में कांस्य, 2018 में रजत, 2019 और 2022 में कांस्य पदक जीत चुके हैं।**
- **विनेश फोगाट ने वर्ष 2019 और 2022 में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीते हैं।**

आर्मेनिया के वाजगेन तेवान्यान को कड़े मुकाबले में 7-6 से हराया, वहीं दूसरे मैच में प्यूर्टो रिको के सवेस्टियन रिवेरा को 11-9 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

बजरंग पूनिया प्रतियोगिता के पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। सिर पर चोट लगने के बावजूद बजरंग ने प्रतियोगिता में रहने का फैसला किया। चोट का असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ा।

विनेश ने महिला वर्ग में जीता कांस्य पदक

विश्व चैम्पियनशिप में भारत की विनेश फोगाट ने भी कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 53 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में विनेश पहले राउंड में ही मंगोलिया की बत्खुयागिन खुलान से हार गईं। इसके बाद विनेश को रेपचेज राउंड में मौका मिला। रेपचेज राउंड में विनेश ने पहले मैच में जुल्दीज इशिमोवा को, दूसरे मैच में लेला गुर्बानोवा और तीसरे मैच में जोना माल्मग्रेन को हराकर कांस्य पदक जीता।

रवि दाहिया ने किया निराश

टोक्यो ओलिंपिक में रजत पदक जीतने वाले रवि दाहिया से भारत को विश्व चैम्पियनशिप में पदक की उम्मीद थी, लेकिन रवि दाहिया कोई भी पदक नहीं जीत सके। पुरुषों के 57 किलोग्राम भारवर्ग में रवि ने पहले राउंड में रोमानिया के राजवान कोवाक्स को 10-0 से हराया, लेकिन दूसरे राउंड में रवि उज्बेकिस्तान के गुल्मोजोन अब्दुल्लाव से हार कर बाहर हो गए।

ओवल और लॉर्ड्स में खेले जायेंगे टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल

बर्मिंघम, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के आगामी दो सत्रों के फाइनल मुकाबले के लिए मैच स्थलों की घोषणा की है। आईसीसी ने कहा कि लंदन के दो क्रिकेट स्टेडियम द ओवल और लॉर्ड्स विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। द ओवल मैदान पर वर्ष 2023 में तथा लॉर्ड्स मैदान पर वर्ष 2025 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला होगा।

ईपीएल खेलने वाले सबसे युवा फुटबॉलर बने नवानेरी

लंदन, इंग्लैंड के 15 वर्षीय एथॉन नवानेरी इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में खेलने वाले सबसे युवा फुटबॉलर बन गए हैं। नवानेरी ने ईपीएल में आर्सेनल के लिए खेलते हुए ब्रेंटफोर्ड के विरुद्ध पदार्पण किया। नवानेरी ने मैच में बतौर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मैदान पर उतरे। आर्सेनल ने मैच खत्म होने से कुछ मिनट पहले इंजरी समय में नवानेरी को विएरा की जगह मैदान पर उतारा। नवानेरी के लिए मैच यादगार रहा, इस मैच में आर्सेनल ने 3-0 से जीत दर्ज की। नवानेरी से पहले ईपीएल में सबसे युवा खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड हार्वे एलियोट के नाम था।

स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने टेनिस से लिया संन्यास

बर्न, महान टेनिस प्लेयर रोजर फेडरर ने टेनिस से संन्यास का ऐलान कर दिया है उन्होंने एक पोस्ट के जरिए बताया कि वह लेवर कप के बाद पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा आखिरी एटीपी इवेंट होगा। फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और उन्हें दुनिया के सबसे महान खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है।

फेडरर ने अपनी इस यात्रा में प्रशंसकों और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया है। फेडरर ने कहा कि 41 साल की उम्र में उन्हें लगता है कि इसे छोड़ने का समय आ गया है। टेनिस ने मेरे साथ पहले से कहीं अधिक उदारता से व्यवहार किया है और अब मुझे यह पहचान करनी होगी कि यह मेरे प्रतिस्पर्धी कॅरियर का अंत है।

राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच के बाद सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले खिलाड़ी रोजर फेडरर ने भावुक होकर नोट में लिखा कि अपने 24 साल के टेनिस कॅरियर में उन्होंने 1500 से ज्यादा

मैच खेले हैं। अब वक्त आ गया है कि पेशेवर कॅरियर को विराम दिया जाए। उन्होंने कहा कि वह आगे टेनिस खेलते रहेंगे, लेकिन ग्रैंड स्लैम और एटीपी टूर टेनिस अब नहीं खेलने का निर्णय लिया है।

- **रोजर फेडरर ने 103 एटीपी खिताब जीते हैं।**
- **फेडरर ने आठ बार विम्बलडन, छह बार ऑस्ट्रेलियन ओपन, पांच बार यूएस ओपन और एक बार फ्रेंच ओपन जीता है।**

आईसीसी ने क्रिकेट के नियमों में बदलाव को दी मंजूरी

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने क्रिकेट के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। एक अक्टूबर से इन नियमों को लागू कर दिया जाएगा, यानी ट्वेंटी-20 विश्व कप-2022 नए नियमों के साथ ही खेला जाएगा। भारतीय पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के नेतृत्व वाली पुरुष क्रिकेट समिति ने एमसीसी के 2017 के क्रिकेट नियमों के तीसरे संस्करण में खेलने की स्थिति में बदलाव की सिफारिश की।

नए नियम इस प्रकार हैं :

- कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद जब क्रिकेट शुरू हुआ था तो लार पर अस्थायी रूप से बैन लगाया गया था, मगर अब लार को स्थायी तौर पर बैन कर दिया गया है।
- नए बल्लेबाज को टेस्ट और वनडे में स्ट्राइक दो मिनट में लेनी होगी, वहीं ट्वेंटी-20 में इसकी समय सीमा 90 सेकंड की है। पहले बल्लेबाज के आउट होने के बाद नए खिलाड़ी को टेस्ट और वनडे में तीन मिनट का समय मिलता था। अगर बल्लेबाज ऐसा करने में असफल रहता है, तो विपक्षी कप्तान टाइम आउट की मांग कर सकता है।
- अगर गेंद पिच से बाहर गिरती है तो नये नियम के तहत बल्लेबाज के बल्ले का कुछ हिस्सा या उसके पिच के भीतर रहने पर उसे गेंद को खेलने का अधिकार होगा। उसके बाहर जाने पर अंपायर डेड गेंद का इशारा करेंगे।
- गेंदबाज के बॉल फेंकने के दौरान अगर कोई अनुचित और जानबूझकर किसी तरह की मूवमेंट की जाती है, तो उसे अंपायर द्वारा डेड बॉल दिया जाएगा, इसके अलावा बल्लेबाजी टीम को 5 रन पनाल्टी के रूप में मिलेंगे।
- ट्वेंटी-20 की तरह अब वन-डे क्रिकेट में भी तय समय पर ओवर पूरे न किए जाने पर फील्डिंग टीम को एक अतिरिक्त फील्डर 30 गज के घेरे के अंदर रखना होगा।

बीसीसीआई

लागू करेगा इम्पैक्ट प्लेयर नियम

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली ट्वेंटी-20 ट्राफी में इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू करेगा। इसे अगले साल आईपीएल में भी लागू किया जा सकता है। इस नियम के अनुसार, टीमें मैच के दौरान अपने अंतिम एकादश से किसी एक खिलाड़ी को बदल सकती हैं। टीमें और खिलाड़ी इस नियम में ढल सकें, इसलिए बोर्ड इसे पहले राज्य क्रिकेट में लागू करेगा।

सभी राज्य संघों को भेजे सर्कुलर में बीसीसीआई ने लिखा कि ट्वेंटी-20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए यह जरूरी है कि हम नए आयामों को पेश करने पर विचार करें जो इस प्रारूप को न केवल हमारे दर्शकों के लिए, बल्कि भाग लेने वाली टीमों के लिए भी अधिक आकर्षक और दिलचस्प बने' बोर्ड के अनुसार मैच के दौरान टीम इंपैक्ट प्लेयर नियम के तहत एक खिलाड़ी को सब्स्टीट्यूट के तौर पर टीम में ले सकेंगी। यह इस खेल में एक नया सामरिक और रणनीतिक आयाम जोड़ेगा। सर्कुलर के अनुसार टीमों को टॉस के समय अपने अंतिम एकादश को देखना होगा और उसी समय चार सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। टीम की

सूची में मौजूद इन चार सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों में से किसी एक खिलाड़ी को इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकेगा।'

अनिवार्य नहीं होगा नियम

इंपैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल करना अनिवार्य नहीं होगा और यह टीमों पर निर्भर करेगा कि वह इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं या नहीं। इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल किसी भी समय पारी के 14वें ओवर पूरा होने से पहले करना होगा। कप्तान, मुख्य कोच और टीम मैनेजर को मैदानी अंपायर या चौथे अंपायर को इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल करने के लिए सूचित करना होगा। बीसीसीआई ने सर्कुलर में कहा कि 'इंपैक्ट प्लेयर जिस खिलाड़ी के बदले मैदान पर उतरेगा वह शेष मुकाबले में हिस्सा नहीं ले पाएगा तथा उसे सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर भी मैदान में उतरने की इजाजत नहीं होगी।'

अगर कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है और टीम ने उसे बदलने के लिए इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल किया है तो वह भी शेष मैच का हिस्सा नहीं रह पाएगा। अन्यथा इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल उस ओवर की समाप्ति पर करना होगा। बल्लेबाजी टीम के लिए इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल विकेट गिरने या इनिंग्स ब्रेक के दौरान करना होगा। टीम को इस संबंध में चौथे अंपायर को सूचित करना होगा। सर्कुलर के अनुसार मैच में इंपैक्ट प्लेयर लेने के बाद वह खिलाड़ी बल्लेबाजी और पूरे चार ओवर तक गेंदबाजी कर सकता है। किसी भी परिस्थिति में सिर्फ 11 खिलाड़ी ही बल्लेबाजी करेंगे।

रॉबिन उथप्पा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

बेंगलुरु, भारत के अनुभवी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। उथप्पा ने एक ट्वीट के जरिए संन्यास की जानकारी देते हुए कहा कि अपने देश के लिए खेलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं आभारी हृदय के साथ भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। मेरे 20 वर्ष के पेशेवर क्रिकेट की यात्रा अद्भुत रही। उथप्पा ने वर्ष 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ वन-डे मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस मैच में उथप्पा ने 86 रनों की शानदार पारी खेली थी। उथप्पा ने अपने कॅरियर में 46 वन-डे और 13 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। उथप्पा वर्ष 2007 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उथप्पा घरेलू क्रिकेट में काफी सफल रहे हैं। उथप्पा ने आईपीएल वर्ष 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स में रहते ट्रॉफी जीती है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

सामयिकी

'विज्ञान प्रगति' को 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'

सीएसआईआर की लोकप्रिय विज्ञान पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने एक नया इतिहास रच दिया है। इस पत्रिका को राष्ट्रीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (प्रथम स्थान) प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया। 'विज्ञान प्रगति' भारत की सबसे लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाओं में से एक है। यह बच्चों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और भारत के साथ-साथ दुनिया भर की जनता के बीच लोकप्रिय है। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने 1952 में इस पत्रिका को प्रकाशित करना शुरू किया। इसमें सात दशकों की विरासत है। हिन्दी के इस मासिक प्रकाशन में हाल के राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित विकास, खोज, आविष्कार, लेख, फीचर, विज्ञान कथा, विज्ञान कविता, प्रश्नोत्तरी, साइंट्रून (विज्ञान कार्टून) और डॉक्यू ड्रामा के रूप में तकनीकी प्रगति के बारे में जानकारी दी जाती है। विज्ञान प्रगति का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी को सरल भाषा में जन-जन तक पहुँचाना है। पत्रिका की विषयवस्तु का उद्देश्य युवाओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा को जगाना और विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए उनमें रुचि विकसित करने का प्रयास करना है।

कौशल दीक्षांत समारोह

भारत के कौशल में गुणवत्ता है और विविधता भी है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कौशल दीक्षांत समारोह में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्रों को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 21वीं सदी में आगे बढ़ रहा है, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के 9 लाख से अधिक छात्रों के कौशल दीक्षांत समारोह के अवसर पर आज इतिहास रचा गया है, वहीं वर्चुअल माध्यम से हमारे साथ 40 लाख से अधिक छात्र जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर अपने कौशल से छात्र नवाचार के पथ पर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा 'मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आपकी शुरुआत जितनी सुखद है, आपके आने वाले कल की यात्रा भी उतनी ही रचनात्मक होगी।'

पिछले आठ वर्षों में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 8 वर्षों में देश ने भगवान विश्वकर्मा की प्रेरणा से नई योजनाएं शुरू की हैं, 'श्रमेव जयते' की अपनी परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास किया है। आज देश एक बार फिर स्किल को सम्मान दे रहा है, स्किल डेवलपमेंट पर भी उतना ही जोर दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस सदी को भारत की सदी बनाने के लिए, यह अत्यंत आवश्यक है कि भारत के युवा शिक्षा के साथ-साथ कौशल में भी समान रूप से दक्ष हों। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने युवाओं के कौशल विकास और नए संस्थानों के निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आईटीआई से तकनीकी प्रशिक्षण लेकर निकले युवाओं की सेना में भर्ती के लिए विशेष प्रावधान है।

- **पिछले 8 वर्षों में देश में करीब-करीब 5 हजार नए आईटीआई संस्थान बनाए गए हैं। बीते 8 वर्षों में आईटीआई संस्थानों में 4 लाख से ज्यादा नई सीटें भी जोड़ी गई हैं।**
- **आईटीआई में कोडिंग, एआई, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन तकनीक और टेलीमेडिसिन से संबंधित कई कोर्स शुरू किए गए हैं।**
- **आईटीआई के अलावा देश भर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, भारतीय कौशल संस्थान और हजारों कौशल विकास केंद्र भी खोले गए हैं। स्कूल स्तर पर कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार 5000 से अधिक स्किल हब भी खोलने जा रही है।**
- **नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद अनुभव आधारित शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है और स्कूलों में कौशल पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।**

चौथी औद्योगिक क्रांति, 'उद्योग 4.0' के युग के बारे में बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सफलता में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ नौकरी की प्रकृति बदल रही है, इसलिए सरकार ने इस बात का विशेष ध्यान रखा है कि हमारे आईटीआई में पढ़ने वाले छात्रों को भी हर आधुनिक पाठ्यक्रम की सुविधा मिले। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अक्षय ऊर्जा, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी है, ऐसे क्षेत्रों से संबंधित पाठ्यक्रम हमारे कई आईटीआई में शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा, सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि आज भारत में कौशल में गुणवत्ता है और विविधता भी है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे आईटीआई पास-आउट ने विश्व कौशल प्रतियोगिताओं में कई बड़े पुरस्कार जीते हैं।

कौशल विकास पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जब एक युवा में शिक्षा की शक्ति के साथ-साथ कौशल की शक्ति भी होती है, तो उसका आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है। युवा जब स्किल के साथ सशक्त होकर निकलता है, तो उसके मन में ये विचार भी होता है कि इस स्वरोजगार की भावना को बढ़ावा देने के लिए कैसे वो अपना काम शुरू करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय अपने कौशल और प्रतिभा के कारण हर देश में अपनी पहचान बना रहे हैं। श्री मोदी ने कहा, बात जब स्किल की होती है, तो आपका मंत्र होना चाहिए- 'स्किलिंग', 'री-स्किलिंग' और 'अप-स्किलिंग'।

जापान-भारत

समुद्री अभ्यास 2022 का समापन

भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित जापान-भारत समुद्री अभ्यास का छठवां संस्करण बंगाल की खाड़ी में संपन्न हुआ। इसके बाद दोनों पक्षों ने पारंपरिक स्टीम पास्ट के साथ एक-दूसरे को विदाई दी। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट के रियर एडमिरल संजय भल्ला के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाजों और जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के जहाजों इजुमो और ताकानामी ने रियर एडमिरल हिराता तोशियुकी के नेतृत्व में सप्ताह भर चलने वाले इस अभ्यास में हिस्सा लिया था। यह समुद्री अभ्यास दोनों नौसेनाओं द्वारा संयुक्त रूप से किए गए कुछ सबसे जटिल अभ्यासों का साक्षी बना। इस दौरान दोनों देशों के जवानों ने उन्नत स्तर के पनडुब्बी रोधी युद्ध, हथियारों से गोलाबारी और वायु रक्षा अभ्यास में

भाग लिया। इस अभ्यास में शिपबोर्न हेलिकॉप्टर, लड़ाकू विमान और पनडुब्बियों ने भी भाग लिया। आपूर्ति और सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान (आरपीएसएस) के समझौते के तहत आईएन और जेएमएसडीएफ के जहाजों ने समुद्र में एक-दूसरे के साथ संयुक्त रूप से अभियान को संचालित किया।

भारतीय स्वच्छता लीग के साथ

स्वच्छ अमृत महोत्सव की शुरुआत

इंडियन स्वच्छता लीग के पहले आयोजन में साफ समुद्र तटों, पहाड़ियों और पर्यटन स्थलों के लिए पांच लाख से अधिक

- **शहर के युवाओं द्वारा संचालित स्वच्छता के मानदंडों पर खेली जा रही एक इंटरसिटी प्रतियोगिता का नाम है इंडियन स्वच्छता लीग।**
- **समुद्र तटों, पहाड़ियों और पर्यटन स्थलों की सफाई के लिए पांच लाख युवाओं ने मिलाया हाथ।**

युवाओं ने हाथ मिलाया है। इंडियन स्वछता लीग द्वारा स्वच्छ अमृत महोत्सव की शुरुआत की गई है। यह लीग सेवा दिवस 17 सितंबर, 2022 से गांधी जयंती 2 अक्टूबर, 2022 तक स्वच्छता से संबंधित कार्यों को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों का एक पखवाड़ा है। लीग के पहले दिन पुरी सेवियर्स, आइजोल क्लीन एवेंजर्स,

गजब गाजियाबाद, स्वच्छता वारियर्स, स्वच्छ विशाखा वारियर्स, बेमिसाल भोपाल और स्वच्छता वारियर्स झांसी की टीमों ने स्वच्छता में अपने शहरों का प्रतिनिधित्व किया और कचरा-मुक्त शहरों के सपने को साकार करने का उत्साह दिखाया। कई शहरों में हुई बारिश की बौछारों के बावजूद, लाखों युवाओं की भागीदारी ने विभिन्न प्रमुख नेताओं, नागरिकों, स्थानीय प्रभावितों की उपस्थिति को आकर्षित किया। जबकि चंडीगढ़ चैलेंजर्स ने शहर के इतिहास में सबसे बड़ी मानव श्रृंखला बनाकर प्रसिद्ध रोज गार्डन पर स्रोत पर बेहतर अपशिष्ट पृथक्करण के लिए चार डिब्बे के उपयोग पर जोर देने के लिए हर दिन, चार बिन के संदेश के साथ अपना क्रियाकलाप शुरू किया। राजकोट में स्वच्छता मिशन का समर्थन करने को लेकर सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए 'फन रन एंड यूथ रन' अभियान चलाया गया। इसके अलावा अन्य टीमों ने भी स्वच्छता को लेकर काम किया। इस युवा नेतृत्व वाली प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन एक स्वतंत्र प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय ख्याति के जूरी सदस्य शामिल होंगे। इसका मूल्यांकन भागीदारी के पैमाने, गतिविधि की विशिष्टता और स्वच्छता पहल के प्रभाव के आधार पर होगा। यह उम्मीद की जा रही है कि यह मिशन स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता अभियान के प्रभाव के लिए कार्रवाई में शामिल होकर युवाओं की भागीदारी को गति प्रदान करेगा।

भारत और मिस्त्र के बीच

रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिये समझौता

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने काहिरा में मिस्र के रक्षा मंत्री जनरल मोहम्मद ज़की के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। द्विपक्षीय

- **श्री राजनाथ सिंह को काहिरा स्थित रक्षा मंत्रालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।**

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में संयुक्त सैन्याभ्यास बढ़ाने और प्रशिक्षण, खासतौर से उग्रवाद विरोधी गतिविधियों के क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिये लिये सैन्यकर्मियों के आदान-प्रदान पर सहमति व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने भारत और मिस्र के रक्षा उद्योगों के बीच निर्दिष्ट समयावधि में सहयोग बढ़ाने के लिये प्रस्तावों पर गौर करने पर भी सहमति जताई। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा दुनिया में शांति और स्थिरता कायम करने में भारत तथा मिस्र के योगदान को रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि कोविड-19 महामारी के बावजूद पिछले वर्षों के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा संलग्नता और आदान-प्रदान की गति तेज रही। मिस्र के राष्ट्रपति श्री अब्देल फतह अल-सीसी से भी रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह की भेंट हुई। इसके बाद दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने द्विपक्षीय सहयोग के मामले में सुरक्षा और रक्षा पक्षों को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों रक्षामंत्रियों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिये समझौता-ज्ञापन पर

हस्ताक्षर किये। यह समझौता-ज्ञापन आपसी हितों के सभी सेक्टरों में रक्षा सहयोग बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री राजनाथ सिंह ने भारत-अफ्रीका रक्षा संवाद और आईओआर रक्षामंत्रियों के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिये अपने मिस्र के समकक्ष को भारत आने का न्योता दिया।

• नासा लैंडर ने •

मंगल में भूकंपीय तरंगों का पता लगाया

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के इनसाइट मार्स लैंडर ने पिछले दो वर्षों में मंगल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई चार अंतरिक्ष चट्टानों से भूकंपीय तरंगों का पता लगाया है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के अनुसार, इनसाइट लैंडर द्वारा जिन चट्टानों या गड्ढों की तस्वीरें भेजी गई हैं उनसे उल्कापिंडों के गिरने से ग्रह पर भूकंपीय और ध्वनिक तरंगों जैसी घटनाओं और क्रेटर्स के स्थान की गणना की जा सकती है। नासा के अनुसार, इसने न केवल 2018 में लाल ग्रह पर इनसाइट के छूने के बाद से अंतरिक्ष यान के सीस्मोमीटर द्वारा खोजे गए पहले प्रभावों का प्रतिनिधित्व किया है बल्कि पहली बार मंगल ग्रह पर प्रभाव से भूकंपीय और ध्वनिक तरंगों का भी पता लगाया है। प्रभाव इनसाइट के



स्थान से 53 और 180 मील (85 और 290 किलोमीटर) के बीच था। अब तक पुष्टि किए गए चार उल्का पिंड प्रभावों ने 2.0 से अधिक की तीव्रता वाले छोटे भूकंप उत्पन्न किए हैं। नासा के अनुसार भूकंप और भूकंपीय संकेत वैज्ञानिकों को मंगल की पपड़ी, मेंटल और कोर का अध्ययन करने के लिए मदद करेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।